डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 28.10.2024 से 03.11.2024

▶ वर्ष-41 ▶ अंक-44 ▶ मूल्य ₹ 10.00

## संक्षिप्त खबर

### प्रदेश को समृद्ध और संपन्न बनाना हमारा संकल्प है

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश को समृद्ध और संपन्न बनाना हमारा संकल्प है। उद्योग और निवेश गतिविधियों को विस्तार देने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं मध्यप्रदेश में विद्यमान हैं। प्रदेश के उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास पथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से 3 लाख 25 हजार से अधिक रोज़गार सृजित करने में मदद मिली और लगभग 2 लाख 45 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव भी तैयार हैं।

### श्रमोदय मॉडल आईटीआई में प्रवेश के लिए 30 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

**भोपाल,** श्रम विभाग द्वारा संचालित श्रमोदय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुगालियाछाप, नीलबड़, भोपाल में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन अथवा एमपी ऑनलाइन के अधिकृत सहायता केन्द्रों से ऑनलाइन लिंक https://mpiticounsling.co.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। श्रमोदय मॉडल आईटीआई में कुल इंजीनियरिंग 08 ट्रेड वेल्डर, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट सिटी), फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, एडवांस सीएनसी मशीनिंग, टेक्नीशियन मैकाट्रॉनिक्स, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन संचालित हैं, जो इंजीनियरिंग एंव नॉन इंजीनियरिंग हैं।

### किसान क्रेडिट कार्ड का 65 लाख से अधिक किसानों को लाभ

**भोपाल,** किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत प्रदेश में 65 लाख 83 हजार 726 किसानों को कार्ड जारी किए गए हैं। केन्द्रीय योजनाओं का प्रदेश में बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश के 3 लाख 44 हजार किसानों ने सोयाबीन के लिए पंजीयन करवाया है। सोयाबीन की उपार्जन प्रक्रिया 25 अक्टूबर से शुरू होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य 4 हजार 892 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर सोयाबीन की खरीदी होगी। आगामी 22 नवंबर से मोटा अनाज (ज्वार, बाजरा) का एवं 2 दिसंबर से धान का उपार्जन होगा।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में 'वाइब्रेंट विंध्य' रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को किया संबोधित**

# कॉन्क्लेव में 31 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त
# 28 हजार लोगों के लिये सृजित होंगे रोज़गार के अवसर

- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव प्रदेश के विकास का यज्ञ है
- 2680 करोड़ रुपये की 21 इकाइयों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन
- बड़े उद्योगों के लिए राज्य सरकार उद्योग पॉलिसी में भी करेगी बदलाव
- रीवा क्षेत्र से एक्सपोर्ट के लिए कटनी और सिंगरौली में बनेंगे कंटेनर डिपो
- मऊगंज और मैहर में एमएसएमई का नया इंडस्ट्रियल एरिया करेंगे विकसित



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में रीवा इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में विभिन्न एमओयू साइन किए गए*

**रीवा,** प्रदेश में श्रृंखलाबद्ध आयोजित की जा रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव प्रदेश के विकास का यज्ञ है। इसमें शामिल हो रहे उद्योगपतियों और निवेशकों के सहयोग से उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर प्रदेश को हीरे की तरह तराशेंगे। सभी क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं के दृष्टिगत नये उद्योगों की स्थापना के साथ प्रत्येक को रोज़गार उपलब्ध कराना प्रतिबद्धता भी है और घोषित संकल्प भी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में आयोजित वाइब्रेंट विंध्य रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र में कही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की काम करने की गति ऐसी है कि एक बैठक में उद्योगपति से मुलाकात होती है और अगली बैठक में इकाई का भूमिपूजन हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिये हम सभी 'ईगो' को छोड़ टीम भावना के साथ कार्य करने के लिये तत्पर हैं। उन्होंने निवेशकों और उद्योगपतियों को विश्वास दिलाया कि प्रदेश की समृद्धि के लिये सरकार न सिर्फ सहयोग करेगी बल्कि जरूरत पड़ने पर पॉलिसी में बदलाव भी करेगी।

### रीजनल कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों का जीवन स्तर सुधरे, राज्य के जीएसटी तथा कर संग्रहण में वृद्धि हो, इस उद्देश्य से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था को निरंतर अग्रगामी बनाए रखने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार प्रदेश में औद्योगिक निवेश और गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव जैसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

### कॉन्क्लेव एक नजर में

- 4 हजार से अधिक प्रतिभागी
- 10 राज्यों से आये निवेशकों की सहभागिता
- 300 से अधिक बायर सेलर मीटिंग्स हुईं
- 150 से अधिक विशिष्ट अतिथि हुए शामिल

### विकास के लिए प्रयासरत डबल इंजन की सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में संचालित डबल इंजन की सरकार विकास और कल्याण के मोर्चों पर सक्रिय है और औद्योगिक गतिविधियां हों या जन-जन के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास, सभी क्षेत्रों में राज्य सरकार को उपलब्धियां प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने रीवा में 66 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आईटी पार्क पटेरा जिला मऊगंज और नयागांव में 29 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नवीन औद्योगिक क्षेत्र और चुरहट इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन का वर्चुअल भूमिपूजन किया।

## चिकित्सा में विश्व स्तरीय सेवाओं की ओर अग्रसर है मध्यप्रदेश

**भोपाल,** मध्यप्रदेश चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय सेवाएं उपलब्ध कराने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने के प्रयास किए हैं।

वर्ष 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 20 हजार 439 करोड़ रुपये का प्रावधन किया गया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फ्रांस की संस्था इरकैड के इंदौर केंद्र के शुभारंभ अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की कार्य दक्षता बढ़ाने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय किया गया है।

प्रदेश में अभी 17 शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। अगले सत्र से सिंगरौली और श्योपुर में शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रारंभ होंगे। इसके अलावा अगले दो वर्ष में 6 अन्य नए शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित होने लगेंगे। चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी मोड में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे विशेष कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एमबीबीएस एवं पीजी मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है, जिससे प्रदेश में योग्य चिकित्सकों की कमी न रहे। राज्य सरकार ने विश्व स्तरीय चिकित्सा अधोसंरचना विकसित करने के प्रयास किए हैं। इसमें मेडिकल कॉलेज परिसरों में नए नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं।

### टेलिमेडिसिन से जोड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में चार नए सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल प्रारंभ किए गए हैं। इसके अलावा ग्वालियर में एक हजार बिस्तर क्षमता का अस्पताल भी प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीपीपी मॉडल पर टेलिमेडिसिन सेवा से 1200 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोड़े गए हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में 45 तरह की स्वास्थ्य जांचें हो रही हैं।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर को 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार से किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने '5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार' से इंदौर जिले को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पुरस्कृत किया। राज्य को मिली इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'मध्यप्रदेश पानी की एक-एक बूंद के उचित उपयोग एवं संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और 'जल संरक्षण' की दिशा में निरंतर अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए प्रदेश में जल संरचनाओं का जाल बिछाया है और सिंचाई क्षमता को बढ़ाने का लगातार प्रयत्न किया जा रहा है।

### नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में किए गए कई कार्य

इंदौर जिले में अजनार, बालम, चोरल, कराम, मोरल और पातालपानी नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में विभिन्न कार्य किए गए हैं, जिनमें 366 पौध-रोपण कार्य, 216 जल-संचयन कार्य, 60 रिचार्ज संरचनाएं, 90 वाटरशेड उपचार कार्य और 814 जल और मिट्टी संरक्षण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा बालम नदी के जलग्रह-क्षेत्र में 5 अमृत सरोवर, 4 फार्म पॉन्ड, 5 चेकडैम और 30 गेबियन जल संरचनाएं बनाई गई हैं।

## सभी विभागों का इन्टीग्रेटेड रोज़गार स्टेट पोर्टल किया जाये विकसित - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप स्वरोज़गार और रोज़गार देने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। युवाओं में रोज़गार और स्वरोज़गार के लिए कौशल का विकास किया जाना आवश्यक है। प्रदेश के उद्योगों में रोज़गार की मांग, आवश्यक कौशल विकास, शासकीय योजनाओं की जानकारी और प्रशिक्षण को एक प्लेटफार्म पर लाने के लिए रोज़गार प्रदान करने वाले सभी विभागों का इन्टीग्रेटेड रोज़गार स्टेट पोर्टल तैयार करें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रोज़गार और स्वरोज़गार के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने 11 विभागों की समीक्षा की और पिछले 10 माह में स्व-रोज़गार और रोज़गार सृजन के प्रयासों की समीक्षा के साथ आगामी 4 वर्षों में रोज़गार सृजन के लिए कार्य-योजना पर चर्चा की।




### फॉलोअप कर समय पर दें आवश्यक अनुमतियां

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विभिन्न राज्यों में इन्टरैक्टिव सेशन और प्रदेश में संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में कई कंपनियों ने नए यूनिट की स्थापना, एमओयू और निवेश संबंधी प्रतिबद्धता दर्शाई है। उन सभी निवेशकों से लगातार फॉलोअप करें। उनकी हैंड होल्डिंग कर सभी आवश्यक अनुमतियां समय से प्रदान करें। हर विभाग स्व-मूल्यांकन कर लक्ष्य निर्धारित करे और समय पर उसे पूरा करे।

### रोज़गार और स्वरोज़गार संबंधी सम्पूर्ण जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्टीग्रेटेड रोज़गार स्टेट पोर्टल पर रोज़गार की संख्या, आवेदन प्रक्रिया, योजनाओं की जानकारी, योग्यता, प्रशिक्षण, उद्योग में उपलब्ध रोज़गार की संख्या, इंडस्ट्री के लॉग इन सहित रोज़गार से सम्बंधित सभी पक्षों की जानकारी प्रदर्शित करें। इससे युवाओं को एक ही जगह पर रोज़गार और स्व-रोज़गार संबंधी जानकारी प्राप्त हो सकेगी। सभी विभागों के प्रयासों की समीक्षा के साथ वास्तविक लाभांवित व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।




## 19 अक्टूबर

### ईपीएफओ के सदस्यों को मिलेगा सात लाख तक का बीमा लाभ

● कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा (ईडीएलआई) योजना के तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को अब सात लाख रुपये का लाभ मिलेगा। इसकी घोषणा श्रम मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने की। इस कदम से छह करोड़ से अधिक ईपीएफओ के सदस्य लाभान्वित होंगे। यह योजना इसी वर्ष के 28 अप्रैल से लागू मानी जाएगी। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2021 तक मृतक कर्मचारी के उत्तराधिकारी को ईडीएलआई योजना के तहत मिलने वाला अधिकतम लाभ छह लाख रुपये तक सीमित था।

● अगले वर्ष के अंत तक भारत के पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र के बाजार का आकार 300 अरब डालर के करीब हो जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने दी। उन्होंने कहा कि अभी इस बाजार का आकार 220 अरब डालर के करीब है। इंडिया केम-2024 में एक सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केमिकल्स की मांग लगभग तीन गुना होने की उम्मीद है और वर्ष 2040 तक पेट्रोकेमिकल्स के उद्योग का आकार एक ट्रिलियन डालर तक पहुंच सकता है। उल्लेखनीय है कि केमिकल उद्योग की भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका है और सकल घरेलू उत्पाद में इसका करीब छह प्रतिशत का योगदान है।

## 20 अक्टूबर

### रेलवे ने जारी किए नए नियम

● रेल में सफर के लिए यात्री अब केवल 60 दिन पहले ही रिजर्वेशन करवा सकेंगे।



यह अवधि पहले 120 दिन थी। रेलवे की एडवांस रिजर्वेशन पीरियड की मौजूदा अवधि में यह बदलाव एक नवंबर से लागू होगा। रेलवे बोर्ड के अनुसार 120 दिन के नियम के तहत 31 अक्टूबर तक की गई बुकिंग बरकरार रहेंगी। विदेशी पर्यटक पहले की ही तरह 365 दिन की सीमा में रिजर्वेशन करवा सकेंगे। नए नियमों के अनुसार, टिकट कैंसिलेशन की अवधि भी 60 दिन होगी।

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की संख्या अगस्त में सालाना आधार पर 9.07 प्रतिशत बढ़कर 18.53 लाख हो गई है। श्रम मंत्रालय ने बताया कि ईपीएफओ ने अगस्त 2024 में लगभग 9.30 लाख नए सदस्यों को जोड़ा, जो अगस्त, 2023 से 0.48 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2024 में 18.53 लाख सदस्यों की शुद्ध वृद्धि हुई, जो सालाना 9.07 प्रतिशत की वृद्धि है। आंकड़ों का एक उल्लेखनीय पहलू 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है, जो अगस्त, 2024 में कुल नए सदस्य जुड़ने का 59.26 प्रतिशत है।

## 21 अक्टूबर

### प्रतियोगी छात्रों के लिए एनसीईआरटी ने शुरू किया 'साथी' पोर्टल

● एनसीईआरटी ने जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए मुफ्त ऑनलाइन स्व-मूल्यांकन पोर्टल 'सेल्फ असेसमेंट टेस्ट एंड हेल्प फॉर एंट्रेंस एक्जाम्स' (साथी) शुरू किया है। यह कार्यक्रम उन छात्रों की मदद करेगा जो दूर-दराज के और ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। इसमें कई भाषाओं में वीडियो लेक्चर, मॉक टेस्ट और एक्सपर्ट क्लास शामिल हैं। यह पहल आईआईटी कानपुर के सहयोग से शुरू की गई है।

● केंद्र सरकार टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में जीएसटी से छूट दे सकती है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की बैठक हुई, जिसमें जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया। इस मामले में अंतिम निर्णय जीएसटी काउंसिल द्वारा लिया जाएगा।

## 22 अक्टूबर

### बीस वर्ष की सेवा के बाद वीआरएस ले सकेंगे कर्मचारी

● पेंशन और पेंशनभोगियों के कल्याण विभाग के नए दिशा-निर्देश के अनुसार केंद्रीय कर्मचारी अब 20 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का विकल्प चुन सकेंगे। ऐसा करने पर उन्हें नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के वही लाभ मिलेंगे, जो रेगुलर रिटायरमेंट पर मिलते हैं। 20 वर्ष की सर्विस पूरी करने के बाद जो वीआरएस लेना चाहते हैं, उन्हें तीन महीने का लिखित नोटिस देना होगा। यदि इस अवधि में नियुक्ति प्राधिकारी उनका आवेदन अस्वीकार नहीं करता है, तो नोटिस पीरियड खत्म होने के बाद कर्मचारी खुद रिटायर हो सकते हैं। यदि सरकारी कर्मचारी अपने व्यक्तिगत पेंशन खाते को जारी रखना चाहता है, या सेवानिवृत्ति की तिथि के बाद एनपीएस के तहत लाभों के भुगतान को स्थगित करना चाहते हैं तो वह पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण विनियम वर्ष 2015 के अनुसार विकल्प प्रयोग कर सकेंगे।

● विमानों में बम की अफवाह की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए सरकार सक्रिय हो गई है। नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कानूनी प्रावधान करने का ऐलान किया। वहीं केंद्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और नागरिक उड्डयन सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशकों और खुफिया ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अफवाह की घटनाओं के पीछे बड़ी साजिश को लेकर भी चर्चा हुई और खुफिया ब्यूरो को इसका पता लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। गौरतलब है कि पिछले एक हफ्ते में 100 से अधिक विमानों में बम की अफवाह की घटनाएं सामने आई हैं।

## 23 अक्टूबर

### स्नातक के छात्रों के लिए अप्रेंटिसशिप अनिवार्य होगी

● युवाओं को पढ़ाई के बाद अब रोज़गार के लिए भटकना नहीं होगा। विश्वविद्यालय आने वाले दिनों में उन्हें स्नातक की पढ़ाई के साथ अनिवार्य रूप से अप्रेंटिसशिप कराएंगे। युवाओं के सामने रोज़गार के बढ़ते संकट का समाधान करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इसे लेकर अप्रेंटिसशिप युक्त नए डिग्री प्रोग्राम का मसौदा तैयार किया है। तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए अप्रेंटिसशिप न्यूनतम एक और अधिकतम दो सेमेस्टर की होगी। जबकि चार वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए न्यूनतम दो एवं अधिकतम चार सेमेस्टर की होगी। इस दौरान छात्रों को नियमों के तहत स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। इसे लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों और उद्योगों के बीच एक करार भी होगा। इसमें उद्योगों को तय नियमों के तहत वर्ष में एक तय संख्या में छात्रों को अपने यहां अप्रेंटिसशिप का मौका देना होगा।

## 24 अक्टूबर

### उच्च शिक्षण संस्थानों में यूजीसी चलाएगा लीडरशिप प्रोग्राम

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों




में लीडरशिप प्रोग्राम शुरू करने की तैयारी में है। इसमें उच्च शिक्षण संस्थानों को न सिर्फ क्षमता निर्माण के लिए मदद की जाएगी, बल्कि उनके शोध व शैक्षिक गतिविधियों को पूरी दुनिया तक पहुंचाया भी जाएगा। उल्लेखनीय है कि यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों के विकास के लिए यह अहम पहल ऐसे समय में शुरू की है, जब देश में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा के सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को पचास प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मौजूदा समय में देश में उच्च शिक्षा का जीईआर करीब 27 प्रतिशत है।

● अब बुजुर्गों को पेंशन के लिए जरूरी जीवन प्रमाण पत्र पाने के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार आगामी एक नवंबर से महीने भर तक एक अभियान चलाएगी, जिसमें पेंशनभोगियों को घर बैठे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र मिल जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार पेंशन एवं पेशनभोगी कल्याण विभाग एक से लेकर 30 नवंबर तक 800 शहरों एवं जिलों में तीसरा राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान चलाएगा।

## 25 अक्टूबर

### स्वयं कोर्सेस का परीक्षा कार्यक्रम हुआ जारी

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयं) के लिए जनवरी 2025 सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। एक नोटिफिकेशन के तहत जनवरी सेमेस्टर की परीक्षा 17, 18, 24 और 25 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 'स्वयं' जुलाई 2024 सेमेस्टर के रजिस्ट्रेशन जारी हैं। छात्र 31 अक्टूबर तक अपने आवेदन पत्र भर सकते हैं। करेक्शन विंडो एक से तीन नवंबर तक खुली रहेगी। इसकी परीक्षा 7, 8, 14 और 15 दिसंबर को दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

● इजराइल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इजराइलियों से आग्रह किया कि वे संभावित आतंकी खतरे के कारण दक्षिणी श्रीलंका के कुछ पर्यटन स्थलों को तुरंत छोड़ दें। यह चेतावनी अरुगम खाड़ी और श्रीलंका के समुद्र तटों को लेकर है। वहीं, श्रीलंका स्थित अमेरिकी दूतावास ने भी एक सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा रूस और ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने नागरिकों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। श्रीलंका पुलिस ने बताया कि विदेशी पर्यटकों पर संभावित हमले की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

Requirements
Academic Positions for MBA Course.
• Principal • Professor • Associate Professor • Assistant Professor
for Finance, HR, Marketing, Operation, Business Communication, IT, E-Commerce.
Admin Staff : • Registrar • Office Assistant • Librarian • Book Lifter
Qualification As per AICTE norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates (Selection under College Code 28)
Interested candidates may send their updated CV along with self attested copy of all testimonials at Institute's following address within 7 days from the date of advertisement or mail : registrarimibs@gmail.com Mob.: 9717265930
IMI BUSINESS SCHOOL
(Approved by AICTE New Delhi & DTE, Bhopal, Affiliated to DAVV, Indore)
City Office : 418 Milinda Manor, Opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587
Campus - Village Bardari, Behind Chokhi Dhani, Khandwa Road, Indore (M.P.) 452020
R-50200/2024

Kanya Kubj Shekshanik Avam Parmarthik Nyas
K.K. Vigyan Avam Vyavsaik Adhyayan Mahavidyalaya, Indore
(Approved by AICTE, DTE, Affiliated to DAVV Indore)
Plot No. 37, Sector-E, Sch. No. 54, Vijay Nagar, Opp. Marriott Hotel & Apollo Hospital, Indore Ph: 0731- 4031896 E-mail: kkcollegeindore@gmail.com
REQUIRES (Under College Code -28)
• Principal • Professor
• Associate Professor • Assistant Professor
In the Following Subject- Commerce, Hindi, English, Economics Qualification & experience as per UGC Norms.
Management, Computer Qualification & exp. as per AICTE Norms.
• Scholarship In-charge • Librarian • Accountant
• Sport Officer • Placement Officer
Salary is no bar for deserving candidates.
Application complete in all respects with full details along with all necessary documents. Should reach the College Office within 15 Days from the date of Publication of this advertisement during 09:30 AM to 01:00 PM. Incomplete application will not be considered.
- Director
R-50201/2024

सेवा एवं शिक्षा के स्वर्णिम इतिहास के साथ 101वें वर्ष में
SHRI GUJARATI SAMAJ INDORE
1, Nasia Road, Indore Ph. 0731-2706468, 2703447
SHRI JAYANTILAL HIRACHAND SANGHVI GUJARATI INNOVATIVE COLLEGE OF COMMERCE & SCIENCE
(Affiliated to DAVV, Indore)
Scheme No. 54, Near Bombay Hospital, A.B. Road, Indore
Ph.: 0731-2571155, 2571156, e-mail: sgsiccs@gmail.com
REQUIRES
Professor/Associate Professor/Asst. Prof.
(Under College Code - 28) In the following Subjects
• Commerce • Chemistry • Botany
• Bio Technology • History • Hindi
• Political Science • Mathematics • Sociology
Qualification & Experience : As per UGC norms.
• Management • Computer
Qualification & Experience : As per AICTE norms.
Salary : As per Shri Gujarati Samaj norms.
Application complete in all respects with full details along with all necessary documents, should reach the College Office within 7 days from the date of publication of this advertisement during 9.30am to 1.30pm. Incomplete application will not be considered.
Pankajbhai Sanghvi, Hon. Gen. Secretary
Atulbhai Sheth, Chairman - E.B. (College)
Navnitbhai Patel, Chairman - Governing Body
Dr. Saurabh Parikh, Principal
R-50203/2024

वर्ष 41, अंक 44 28.10.2024 से 03.11.2024
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

• प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
• सम्पादक - रंजना चितले
• प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
• प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
• आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
• वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# विंध्य क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेगा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अपने गठन के साथ ही लगातार औद्योगिक निवेश और रोज़गार की दिशा में सक्रिय है। सरकार का उद्देश्य है कि युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलें, युवाओं के हाथ में काम मिले। निवेश प्रोत्साहन में बढ़ोत्तरी के उद्देश्य से पांचवें रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन रीवा में संपन्न हुआ। यह पहला अवसर था जब विन्ध्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाओं को प्रोत्साहन देने के लिये इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जैसे आयोजन आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं, क्योंकि यह क्षेत्रीय विशेषताओं के आधार पर निवेश की संभावनाओं को प्रस्तुत कर औद्योगिक विकास में संतुलन लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजनरी नेतृत्व में यह पहल प्रदेश के समग्र विकास को एक नई दिशा प्रदान कर रही है। जाहिर है इससे पहले उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन हो चुका है।

विन्ध्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए आधुनिक और सशक्त इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, रेलवे और हवाई मार्ग का निरंतर विस्तार किया जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बन गया है। क्षेत्र में सीमेंट, खनिज और सरप्लस पॉवर जैसी प्राकृतिक संपदाओं की प्रचुरता इसे औद्योगिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस', 'सिंगल विंडो क्लीयरेंस' और औद्योगिक सहयोगी पहलों से निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बना है। इसी सकारात्मक माहौल के चलते अब तक 4 हजार से अधिक निवेशकों ने कॉन्क्लेव के लिए पंजीकरण करवाया है। विन्ध्य क्षेत्र में उद्योगों के लिए 9 हजार हेक्टेयर से अधिक का भूमि बैंक उपलब्ध है। इस कॉन्क्लेव में आईटी, पर्यटन, माइनिंग, एमएसएमई, कुटीर उद्योग और कृषि क्षेत्र में निवेश पर विशेष ध्यान दिया गया है। विन्ध्य क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिनका विकास प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

कॉन्क्लेव में राज्य सरकार के विभिन्न विभाग औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, एमएसएमई, आईटी, खनन, ऊर्जा और पर्यटन विभागों द्वारा प्रमुख प्रस्तुतियां दी गईं। इसके अलावा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा पर एक विशेष राउंड टेबल-सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग के उभरते अवसरों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श हुआ। कॉन्क्लेव में चार सेक्टोरल-सत्र भी हुए, जो एमएसएमई, स्टार्टअप्स, खनन एवं खनिज, पर्यटन और कुटीर उद्योगों में निवेश अवसरों पर केंद्रित थे। वाइब्रेंट विंध्य का यह आयोजन न केवल विंध्य क्षेत्र, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को एक नई दिशा देने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के समर्पण और प्रयासों से राज्य जल्द ही एक औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरने की राह पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करना है, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश को एक औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025' के लिए जारी किए गए आमंत्रण के साथ, यह सम्मेलन राज्य के आर्थिक विकास और निवेश के लिए नए अवसरों का द्वार खोलने में सहायक सिद्ध होगा।

## तेरह साल पहले आई सुनामी में क्षतिग्रस्त हुए जापान के ऊर्जा संयंत्रों को फिर पुनर्स्थापित करने की पहल

ऊर्जा के क्षेत्र में पूरे विश्व में विशिष्ट स्थान रखने वाला जापान एक बार फिर इतिहास रचने की तैयारी कर रहा है। कभी ऊर्जा के उत्पादन में दूसरे देशों के लिये आदर्श बनी जापान की ऊर्जा व्यवस्था वर्ष 2011 में आई सुनामी में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस घटना के बाद से ही जापान की जलवायु संवेदनशीलता पर प्रश्न उठने लगे और लोगों ने यह स्वीकार कर लिया था कि अब जापान ऊर्जा के क्षेत्र में कभी भी खुद को मजबूत नहीं कर पायेगा। लेकिन अब जापान ने ऊर्जा के क्षेत्र में खुद को पुनः स्थापित करने के लिये पहल शुरू कर दी है। जापान का प्रमुख परमाणु संयंत्र काशीवाजाकी कारिवा 13 वर्ष बाद फिर से कार्य करने के लिये तैयार हो गया है। इसी संयंत्र को पुनर्स्थापित कर और उसे सुचारू रूप से शुरू करके जापान ने अपने देश को कई चुनौतियों के बावजूद ऊर्जा संकट का हल दिया है। जापान का यह कदम और उनके द्वारा की गई पहल अन्य सभी देशों के लिये स्व-प्रेरणा बन गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में फुकुशिमा में 15 मीटर ऊंची सुनामी के कारण हुए हादसे में बिजली की आपूर्ति ठप्प हुई, जनरेटरों में पानी भर गया जिससे परमाणु ईंधन को ठंडा रखने वाले पानी के पम्प बंद हो गए थे। वहां के संयंत्र के तीन रिएक्टर पिघल गए थे। काशीवाजाकी सहित जापान के सभी 54 रिएक्टर बंद हो गए। जापान को सौर ऊर्जा उपयोग के साथ ही प्राकृतिक गैस, कोयला और तेल का आयात बढ़ाना पड़ा था। यह आयात बहुत महंगा था, जो एक दिन में करीब 42 अरब 88 करोड़ रुपये था। जापान वर्ष 2050 तक 46 फीसदी उत्सर्जन कम करने के लिए संघर्षरत है। वह अक्षय ऊर्जा की भागीदारी 20 से 38 फीसदी करना चाहता है। जापान के विशेषज्ञों के अनुसार अभी जापान का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश की 20 से 22 फीसदी बिजली परमाणु ऊर्जा से हासिल करना है, जो वर्तमान में 10 फीसदी है। अभी काम कर रहे 33 संयंत्रों में से 9 ऑनलाइन हैं।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

### 1 नवम्बर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस विशेष

# विरासत से विकसित मध्यप्रदेश की ओर बढ़ते कदम

अड़सठ वर्ष पूर्व वर्तमान मध्यप्रदेश की यात्रा एक अविकसित और बीमारू प्रदेश से आरंभ हुई थी। अब वही बीमारू प्रदेश अपनी समस्याओं से उबरकर प्रगति का इतिहास रच रहा है। यह प्रदेश और प्रदेश वासियों की संकल्प शक्ति ही है कि अनेक उतार-चढ़ाव के बाद मध्यप्रदेश की गणना अब भारत के विकसित राज्यों में होने लगी है। मध्यप्रदेश की धरती संसार के प्राचीनतम भू-भागों में से एक है। ऐसा कोई युग नहीं जिसमें इस भू-भाग का उल्लेख न हो। अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य और संपदा ने हर युग के मानव को इस ओर आकर्षित किया है। मध्यप्रदेश के लगभग हर क्षेत्र में आदि मानव की सक्रियता के प्रमाण मिलते हैं। अरावली, विन्ध्याचल और सतपुड़ा के मध्य की इस धरती का अस्तित्व सृष्टि के आरंभिक काल में ही उभर आया था। संसार के प्राचीनतम जीव डायनासोर के जीवाश्म भी मध्यप्रदेश के मंडला जिले में मिले हैं। मंडला से लेकर ग्वालियर तक और रीवा से लेकर मंदसौर तक वैदिककालीन ऋषियों की तपोस्थली होने के चिन्ह मिलते हैं। नारायण के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का अवतार मध्यप्रदेश के जानापाव में हुआ था। जानापाव इंदौर जिले की महू तहसील के अंतर्गत है। लंका पति-रावण की राजमहिषी मंदोदरी मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले की थीं। रामजी भी अपने वनवासकाल में मध्यप्रदेश आये थे तो योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का विद्या अध्ययन उज्जैन स्थित सांदीपनी आश्रम में हुआ था। सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद वाकणकर जी ने मध्यप्रदेश में आदिम युग सहित रामायण काल और महाभारत काल के प्रमाण खोजे हैं। संसार की पहली वैज्ञानिक गणना 'विक्रम संवत' का आरंभ भी मध्यप्रदेश के उज्जैन से हुआ था। विक्रम संवत पंचांग केवल तिथि और दिन बताने का कैलेण्डर भर नहीं है। इसमें अंतरिक्ष में स्थित ग्रहों की गणना भी समाई है जिससे कब सूर्यग्रहण होगा, कब चन्द्र ग्रहण होगा यह गणना भी हो सकती है। पौराणिक काल के बाद नंदवंश, मौर्यकाल, शुंग काल, गुप्त काल के भी प्रतीक चिन्ह मध्यप्रदेश की धरती पर मिलते हैं।

प्रकृति ने भी इस भू-भाग को अपने संपूर्ण वैभव से परिपूर्ण किया है। पन्ना में हीरे की खदानें, सतपुड़ा के घने जंगल और सागौन वृक्षों, बैतूल की कोल खदानों, बासोदा का साधारण पत्थर, चूना पत्थर, नर्मदा पट्टी की तुअर दाल, विदिशा-सीहोर जिले के शरबती गेहूं की प्रसिद्धि विश्वभर में है। लेकिन, समय की गति से मध्यप्रदेश का यह वैभव धूल-धूसरित हो गया था। मेहमूद गजनवी से औरंगजेब तक प्रत्येक हमला झेला है इस धरती ने। सल्तनतकाल का पतन हुआ तो अंग्रेजीकाल प्रभावी हुआ। सल्तनतकाल की लूट और अंग्रेजीकाल के शोषण से यह उन्नत प्रदेश एक बीमारू राज्य में बदल गया।

### मध्यप्रदेश का वर्तमान स्वरूप

अंग्रेजीकाल में भारत के अन्य भागों की तरह मध्यप्रदेश की शासन व्यवस्था दो प्रकार की थी। एक वे जो अंग्रेजों के सीधे आधीन थे और दूसरे वे जहां रियासतें थीं। स्वतंत्रता के बाद सभी रियासतों का विलय हुआ। लेकिन, भोपाल रियासत के प्रमुख नवाब हमीदुल्ला खान ने अपनी रियासत को पाकिस्तान में मिलाने का प्रयास किया था। इसके लिये पृथक से विलीनीकरण आंदोलन चला और अंततः 1 जून, 1949 को भोपाल भी भारतीय गणतंत्र का अंग बन गया। वर्ष 1956 में राज्यों का पुनर्गठन हुआ और 1 नवम्बर, 1956 को मध्यप्रदेश का जन्म हुआ। आगे चलकर 1 नवम्बर, 2000 को विभाजन हुआ और मध्यप्रदेश के एक भाग को अलग करके छत्तीसगढ़ प्रांत बना। वर्तमान मध्यप्रदेश का क्षेत्रफल लगभग 3,08,252 वर्ग किलोमीटर है। इसकी राजधानी भोपाल है। प्रदेश का उच्च न्यायालय जबलपुर में है।

### विकास के साथ अब विरासत भी

इन 68 वर्षों की यात्रा में मध्यप्रदेश अपनी आंतरिक विसंगितियों से उबरकर स्वर्णिम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर हुआ है। कृषि उत्पादन में मध्यप्रदेश न केवल आत्मनिर्भर प्रांत बना है अपितु निर्यातक प्रदेश भी बन गया है। प्रदेश की इस प्रगति यात्रा में मध्यप्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुछ आयाम जोड़े। उन्होंने आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक प्रगति के साथ विरासत को भी जोड़ा। उन्होंने नारा दिया 'विकास के साथ विरासत'। डॉ. मोहन यादव ने औद्योगीकरण के विस्तार के लिये क्षेत्रीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया तो कृषि विकास को और ऊंचाइयां देने के लिये नदी जोड़ो अभियान को गति प्रदान की। वहीं मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने का बीड़ा उठाया। उन्होंने रामवन गमन पथ के विभिन्न स्थानों पर रामजी के स्मृति स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने की योजना पर काम आरंभ किया। इसके साथ कृष्ण पाथेय को अंतिम रूप दिया। मध्यप्रदेश के अनेक स्थलों पर योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियां भी जुड़ीं हैं। डॉ. मोहन यादव ने कृष्ण पाथेय के निर्माण के साथ रानी दुर्गावती, रानी अहिल्याबाई, टंट्या मामा जैसी गौरव विभूतियों की स्मृति में विभिन्न योजनाओं के नाम तथा उनकी गाथा पाठ्यक्रम में भी जोड़ने के निर्देश दिये हैं।

### औद्योगिकीकरण और कृषि विकास के नये आयाम

प्रदेश की औद्योगिक समृद्धि के लिये निवेशकों को आमंत्रित करने के लिये समय समय पर प्रत्येक सरकार ने इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन किये हैं। लेकिन मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इसमें एक क्रांतिकारी परिवर्तन किया। उन्होंने इस इन्वेस्टर्स समिट को क्षेत्रीय स्वरूप दिया तथा इंदौर के अतिरिक्त उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर जैसे नगरों में भी यह इन्वेस्टर्स समिट आयोजित कीं। इससे स्थानीय उत्पाद के अनुसार उद्योग स्थापना की परंपरा आरंभ होगी और रोज़गार के लिये महानगरों की ओर दौड़ रुकेगी।

डॉ. मोहन यादव सरकार का दूसरा क्रांतिकारी निर्णय नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत बेतवा-केन लिंक योजना पर तेज गति से काम करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में देशभर की सभी राज्य सरकारों से इस दिशा में काम करने की अपेक्षा की थी। मध्यप्रदेश पहला राज्य है जहां इस दिशा में काम को निर्णायक गति मिली। इसके लिये केन्द्र सरकार से प्रशंसा भी मिली। वस्तुतः यह नदी जोड़ो अभियान सदानीरा नदियों के जल को मौसमी नदियों में भेजने से तीन प्रकार के लाभ होंगे। एक तो सिंचाई के लिये पर्याप्त जल मिलेगा, दूसरे गांव एवं नगरों में पेयजल की समस्या का भी निदान होगा और तीसरा धरती के जल-स्तर की गिरावट भी रुकेगी। ग्रामीण विकास की दिशा में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही इस सरकार ने कृषि के साथ गौपालन पर भी जोर दिया है। उन्होंने किसानों से अपनी कृषि भूमि न बेचने की अपील के साथ कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ने का आह्वान किया।

### युवाओं को रोज़गार और स्वरोज़गार की प्राथमिकता

युवाओं को प्रतिभा और कौशल के अनुरूप सक्रिय करना भी डॉ. मोहन यादव सरकार ने अपनी प्राथमिकता में लिया है। युवाओं के हित में यह सरकार दोनों दिशाओं में काम रही है। एक स्वरोज़गार और रोज़गार सृजन और दूसरा सरकारी नौकरियों में भर्ती आरंभ करने की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती आरंभ करने की घोषणा की है। इसके अंतर्गत एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जायेगी और यह प्रक्रिया इसी वर्ष दिसंबर से आरंभ हो जायेगी। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिये कि रोज़गार के अवसर सृजित होना चाहिए।

### महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान

महिला सशक्तिकरण के लिये डॉ. मोहन यादव सरकार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं और बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वावलंबन को अपनी सरकार की पहली प्राथमिकता में लिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हर परिवार को पक्की छत देने, नल-जल योजना, उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में अन्य राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश प्रभावी है। इसके अलावा महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने के लिये महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें न केवल स्व-रोज़गार से जोड़ा है, बल्कि उनके लिये लखपति दीदी योजना भी लागू की है।

### पहले दिन से क्रांतिकारी निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने क्रांतिकारी निर्णयों की शुरुआत पद संभालने के पहले दिन से ही कर दी थी। उन्होंने अपने मंत्रीमंडल की पहली बैठक में ही दो बड़े निर्णय लिये। पहला साइबर तहसील की व्यवस्था पूरे प्रदेश में लागू की। इसके अंतर्गत संपत्ति की रजिस्ट्री होते ही अपने आप नामांतरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। दूसरा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये लाउडस्पीकर की आवाज सीमित करने के आदेश दिये। इसमें धार्मिक स्थल भी शामिल किये गये। इसके साथ ही सरकार ने खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने के भी आदेश दिये। इसके अतिरिक्त वर्तमान सरकार ने जो बड़े क्रांतिकारी निर्णय लिये उनमें इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 मजदूरों को उनके अधिकार दिलाना, प्रदेश के छोटे-छोटे शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए पीएम श्री वायुसेवा शुरू करना, गंभीर बीमारी के लिये पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा आरंभ करना ताकि उन्हें देश के किसी अन्य अस्पताल में भेजा जा सके। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सेवा निःशुल्क रहेगी। साथ ही युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए नये पद सृजित करना प्रमुख है। यह डॉ. मोहन यादव की वर्तमान सरकार का कुशल प्रशासन ही है कि मध्यप्रदेश का जीएसटी संग्रहण भी बढ़ा है। निःसंदेह इस सरकार की नीतियां, निर्णय और प्रशासन शैली मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध प्रदेश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

रमेश शर्मा

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

## सहायक भौमिकीविद परीक्षा-2023 दिनांक 01.09.2024 (रविवार)
## परीक्षा परिणाम

**विज्ञप्ति क्र. 10125/09/2024/अनु.-10** **इंदौर, दिनांक : 23.10.2024**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **सहायक भौमिकीविद परीक्षा-2023** हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

01. विज्ञापन क्रमांक-09/2023/31.05.2023, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 13.07.2023।
   (1) शुद्धि पत्र क्रमांक-01.09.2023 दिनांक 01.08.2024 (परीक्षा के आयोजन विषयक सूचना)।
   (2) शुद्धि पत्र क्रमांक-02.09.2023 दिनांक 16.10.2024 (संशोधित रिक्ति विवरण संबंधी)।
02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **सहायक भौमिकीविद् परीक्षा-2023** जिला मुख्यालय इंदौर के केन्द्र पर दिनांक 01.09.2024 (रविवार) को एक सत्र में दोपहर 12.00 से 03.00 बजे तक आयोजित की गई थी।
03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :–

| श्रेणीवार/वर्गवार कुल विज्ञापित | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.** | **विवरण** | **UR** | **SC** | **ST** | **OBC** | **EWS** | **TOTAL** |
| (अ) | कुल रिक्तियों की संख्या (TOTAL POST) | 3 | 2 | 2 | 2 | 1 | 10 |
| (ब) | कुल रिक्तियों में से महिलाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (FE-MALE) | 1 | 1 | 1 | 1 | - | 4 |
| (स) | कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (ExSer) | - | - | - | - | - | - |
| (द) | कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद रिक्तियों की संख्या (PH) | [PH-NA] | | | | | - |

04. राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के ''पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022'' के प्रकाश में विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-09/2003/31.05.2023 में मुख्य एवं प्रावधिक भाग के विज्ञापित पदों के अनुसार आयोग द्वारा बैठक दिनांक 10.07.2023 के निर्णय क्र.-55 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए उपरोक्त परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

**परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है :–**

1. सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
2. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का अभिवचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

सामान्य प्रशासन विभाग के ''पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022'' में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार सहायक भौमिकीविद परीक्षा-2023 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है। सहायक भौमिकीविद परीक्षा-2023 हेतु मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनारक्षित श्रेणी हेतु) पदों का रिक्ति विवरण विज्ञापन में प्रकाशित किया गया है। मुख्य तथा प्रावधिक भाग के विज्ञापित पदों का रिक्ति विवरण निम्नानुसार है :–

| पद का नाम | अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद | मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों) | प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु) |
|---|---|---|---|
| सहायक भौमिकीविद परीक्षा-2023 | 2 | 1 | 1 |

उपरोक्तानुसार सहायक भौमिकीविद परीक्षा-2023 के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग-अ** के लिए साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह **कुल-29** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :–

**MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**ASSISTANT GEOLOGIST EXAM 2023 - PART A (MAIN)**
**ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES**

| S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 100003 | 7. | 100239 | 13. | 100385 | 19. | 100497 | 25. | 100619 |
| 2. | 100028 | 8. | 100267 | 14. | 100424 | 20. | 100505 | 26. | 100626 |
| 3. | 100077 | 9. | 100274 | 15. | 100458 | 21. | 100524 | 27. | 100652 |
| 4. | 100092 | 10. | 100303 | 16. | 100469 | 22. | 100543 | 28. | 100682 |
| 5. | 100177 | 11. | 100335 | 17. | 100489 | 23. | 100592 | 29. | 100703 |
| 6. | 100204 | 12. | 100343 | 18. | 100496 | 24. | 100597 | | |

**प्रावधिक भाग-ब** के लिए साक्षात्कार हेतु कुल विज्ञापित पदों के 3 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से साक्षात्कार हेतु अर्ह **कुल-6** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :–

**MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**ASSISTANT GEOLOGIST EXAM 2023 - PART B (PROVISIONAL)**
**ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES**

| S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 100051 | 3. | 100151 | 4. | 100202 | 5. | 100226 | 6. | 100326 |
| 2. | 100146 | | | | | | | | |

**साक्षात्कार के लिए अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :–**

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

परिशिष्टि प्रपत्र-01

| विज्ञापन क्रमांक :– 09/2023/31.05.2022 | पद/परीक्षा का नाम :– सहायक भौमिकीविद परीक्षा-2023 |
|---|---|
| अनुक्रमांक - .......................................... | अभ्यर्थी का नाम :– .......................................... |

| स. क्र. | दस्तावेज का विवरण | संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक | संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 2. | उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 3. | उपस्थिति पत्रक-1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 4. | व्यक्तिगत विवरण पत्रक-1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 5. | अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 6. | घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी) 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 7. | हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 8. | हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 9. | स्नातक की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 13.07.2023 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 10. | अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता-भू-विज्ञान (जियोलॉजी) में स्नातकोत्तर उपाधि या अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान (एप्लाईड जियोलॉजी) में एम.टेक उपाधि (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.07.2023 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।) (छायाप्रति) | | |
| 11. | मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 12. | मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोलसील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 13. | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोलसील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (म.प्र. शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 14. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र-01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 15. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2023-2024 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
**भोपाल,** मलेशिया के क्वालालम्पुर में 10वें एशियन पेसिफिक डीफ गेम्स का आयोजन 1 से 8 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की 2 होनहार खिलाड़ी बैडमिंटन की गौरांशी शर्मा और ताइक्वान्डो अनिष्का शर्मा ने भारतीय दल में जगह बनाई है। दोनों खिलाड़ी मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी की हैं।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दोनों खिलाड़ियों के असाधारण खेल प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को एशियन पेसिफिक डीफ गेम्स के लिये शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद की है।

**गौरांशी शर्मा की खेल उपलब्धियां**

गौरांशी शर्मा मध्यप्रदेश राज्य बैडमिंटन अकादमी ग्वालियर की अंतर्राष्ट्रीय डीफ खिलाड़ी हैं। हाल ही में उन्हें यूनिसेफ ने भारत का एम्बेसडर बनाया है। इसके तहत उन्हें सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क, अमेरिका में आयोजित एक वैश्विक युवा सम्मेलन में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के सर्वोत्तम हितों को सुनिश्चित करने उनके अनुभवों को साझा करने तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिये नेटवर्क तैयार करना था।

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरांशी की प्रमुख उपलब्धियां**

डीफ ओलंपिक-2022 (ब्राजील) में गौरांशी ने बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। 6वीं वर्ल्ड यूथ बैडमिंटन चैम्पियनशिप ब्राजील-2023 में उन्होंने एक और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दूसरी यूथ और 6वीं एशिया पेसिफिक डीफ बैडमिंटन चैम्पियनशिप थाईलैंड-2022 में गौरांशी ने 1 कांस्य पदक अर्जित किया। तीसरी वर्ल्ड यूथ डीफ बैडमिंटन चैम्पियनशिप ब्राजील-2003 में गौरांशी ने कांस्य पदक जीत कर अपने प्रदर्शन को और मजबूती दी।

इन पदकों के साथ गौरांशी शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 2 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक जीते। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर 11 पदकों के साथ देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। इस अद्वितीय उपलब्धियों ने उन्हें डीफ खिलाड़ियों के बीच एक प्रेरणास्रोत बना दिया।

## प्रदेशवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित है जन अभियान परिषद

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समन्वय भवन में जन अभियान परिषद की ओर से आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जन अभियान परिषद जन-जन के कल्याण के लिए समर्पित है। स्वैच्छिक, सामूहिक और सामुदायिक सहभागिता और स्वावलंबन के दृष्टिकोण से इसका गठन किया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अनिल माधव दवे ने प्रत्येक प्रदेशवासी को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से परिषद के गठन की प्रेरणा दी थी। सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर समाज भी चले इस उद्देश्य से जन अभियान परिषद को एक कड़ी के रूप में विकसित किया गया। शासकीय योजनाओं को जन-जन तक ले जाने में जन अभियान परिषद उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। परिषद भू-जल भण्डारण सहित समाज कल्याण और विकास गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने समग्र ग्राम विकास के विभिन्न आयाम विषय पर अपने विचार रखे।

- सरकार और समाज के बीच कड़ी के रूप में सक्रिय हैं परिषद के कार्यकर्ता
- स्वैच्छिक, सामूहिक और सामुदायिक सहभागिता से स्वावलंबन के सिद्धांत पर जारी हैं गतिविधियां
- युवाओं को समाज सुधार, विकास और जन-कल्याण के लिए आगे आना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संस्कृति में आ रही विकृतियों से संघर्ष के कई प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही कंस रूपी बुराई से संघर्ष के लिए स्त्री-पुरुषों के साथ बच्चों को भी संगठित कर समाज की संगठन क्षमता और जन-कल्याण के लिए उसके सार्थक उपयोग का संदेश दिया। यह दर्शाता है कि संगठन की शक्ति से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गांव और सामान्य जन से प्रेम का संदेश दिया।

# निवेश से नागरिकों की सुविधा बढ़ाना और नौजवानों को नौकरी देना हमारा लक्ष्य



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया

- रीवा एयरपोर्ट शुरू होने से बदलेगी विंध्य क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर
- देश में कुल एयरपोर्ट की संख्या 150 से अधिक हो गई है
- आमजन को उपलब्ध करवायेंगे 999 रुपये में सस्ती विमान यात्रा सुविधा
- उद्योगपतियों को निर्यात के लिये मिलेगी कंटेनर की सुविधा
- रीवा संभाग के जिलों में फूड इंडस्ट्री करेंगे विकसित
- भोपाल-रीवा एक्सप्रेस-वे का किया जायेगा निर्माण

**रीवा,** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बनारस से रीवा के नवनिर्मित एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया। रीवा प्रदेश का छठवां एयरपोर्ट है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश में पहले की तुलना में तीन गुना रफ्तार से विकास कार्य हो रहे हैं। नई सरकार बनने के सवा सौ दिन के अंदर 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं और परियोजनाओं पर कार्य शुरू किया जा चुका है। इसमें ज्यादा बजट गरीब, किसान और नौजवानों के नाम पर है। पूरे देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का बड़ा अभियान चल रहा है। विकास के लिये होने वाले निवेश से नागरिकों की सुविधा बढ़ाना और नौजवानों को नौकरी देना हमारा लक्ष्य है। हाई-वे, नये-नये ट्रेन रूट्स और नये एयरपोर्ट की सुविधा बढ़ रही है। यह सिर्फ ईंट, पत्थर, लोहे का काम नहीं है। इससे आम नागरिकों की सुविधाएँ बढ़ रही हैं और युवाओं को नौकरियाँ भी मिल रही हैं। देश में वर्ष 2014 में केवल 70 एयरपोर्ट थे, जिनकी संख्या आज बढ़कर 150 से अधिक हो गई है। पुराने एयरपोर्ट्स का रिनोवशन भी किया जा रहा है।

**एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली के पहले ही विंध्यवासियों को दिवाली का बहुत बड़ा तोहफा दिया है। रीवा में एयरपोर्ट शुरू हो जाने से विंध्य के विकास के द्वार खुलेंगे और यहाँ की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। विंध्य में प्राकृतिक संपदा और विकास के हर संसाधन उपलब्ध रहे हैं। रीवा के विकास में ताला लगा हुआ था। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा ध्यान न देने के कारण विंध्य का समुचित विकास नहीं हो सका।

**प्रदेश में 37 मेडिकल कॉलेज होंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम वनवास के दस से अधिक वर्षों तक विंध्य की पावन धरा पर रहे। भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट के विकास के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सरकार संयुक्त रूप से मिलकर प्रयास कर रही है। युवाओं को रोज़गार का अवसर देने के लिए हर संभाग में कौशल उन्नयन केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 तक प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे, जिनकी संख्या अगले दो सालों में 37 हो जाएगी।

## हरिद्वार की तर्ज पर उज्जैन में भी साधु-संत बना सकेंगे स्थायी आश्रम

**भोपाल,** सिंहस्थ 2028 के संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का साधु-संतों के स्थायी आश्रम संबंधी निर्णय का अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, अध्यक्ष मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार और सचिव श्रीपंचायती निरंजनी अखाड़ा श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने स्वागत किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्णय को विकासोन्मुखी बताया है।

श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने बताया कि सरकार के निर्णय से सभी साधु-संतों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सिंहस्थ मेला क्षेत्र में सभी अखाड़ों एवं उनके महामंडलेश्वरों और साधु-संतों के स्थाई निर्माण के लिये निर्णय लेकर बनाई गई योजना स्वागत योग्य है।

## महर्षि वाल्मीकि ने गौरव-गाथा लिखकर आदर्श स्थापित किया

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लालघाटी स्थित गुफा मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि जयंती पखवाड़े के समापन समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्रीराम की गौरव गाथा लिपिबद्ध की। उस युग में मुद्रण सुविधा नहीं थी लेकिन ताड़ के पत्तों पर भगवान श्रीराम के विविध पक्षों को लिखकर आदर्श स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकि समाज की बेहतरी के लिए समाज द्वारा सौंपे गए सुझाव-पत्र पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

राज्यसभा सदस्य और राष्ट्र संत बालयोगी श्री उमेश नाथ महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव वाल्मीकि जयंती पखवाड़े में वाल्मीकि धाम उज्जैन भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महर्षि वाल्मीकि के सम्मान में हुए कार्यक्रम को प्राथमिकता दी।

# भारतीय न्याय प्रणाली श्रेष्ठ न्याय प्रणाली रही है



**भोपाल,** पुरातन से भारतीय न्याय प्रणाली, श्रेष्ठ न्याय प्रणाली रही है। महर्षि गौतम का न्याय दर्शन, उत्कृष्ट न्याय प्रणाली को परिलक्षित करता है। भारतीय दृष्टिकोण एवं भारतीयता के भाव को पुनः समृद्ध करने की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित पं. सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान के सभागार में, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विधि शिक्षण एवं शोध विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 : विधिक पाठ्यक्रम' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही।

श्री परमार ने भारतीयता के भाव को पुनः समृद्ध करने के लिए, विधिक पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश की आवश्यकता एवं महत्व पर विचार व्यक्त किए। श्री परमार ने कहा कि भारत शिक्षा एवं न्याय सहित हर क्षेत्र में स्वयमेव समृद्ध देश रहा है, इसलिए विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित रहा है। श्री परमार ने अंग्रेजों से स्वतंत्रता के पूर्व एवं बाद में शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश स्वतंत्रता के बाद भारतीय जनमानस में स्वत्व का भाव जागरण नहीं किया गया। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने हर क्षेत्र में भारतीयता के दर्शन एवं बोध के लिए व्यापक परिवर्तन का अवसर दिया है। श्री परमार ने कहा कि देश के लगभग 2 करोड़ प्रबुद्धजनों के मंथन से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तैयार हुई है। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का मूल ध्येय, श्रेष्ठ एवं देशभक्त नागरिक निर्माण करना है।

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक श्री अनिरुद्ध बोस ने विधिक पाठ्यक्रम में आवश्यक बदलावों पर प्रकाश डाला।

## पटाखों की दुकानें बिजली ट्रांसफार्मर से दूर लगाएं

**भोपाल,** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दीपावली पर विद्युत सुरक्षा एवं सावधानियां रखकर सुरक्षित दीपावली मनाएं। कंपनी ने सभी पटाखा व्यवसायियों से अपील की है कि वे बिजली लाइन के नीचे, ट्रांसफार्मर के नीचे या उससे सटाकर दुकान न लगाएं। ट्रांसफार्मर के नीचे दुकान लगने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और छोटी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। उन्होंने नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि पटाखे व आतिशबाजी का प्रदर्शन बिजली लाइनों के नीचे या आसपास न करें।

श्री तोमर ने दीपावली पर्व पर प्रकाशीय साज-सज्जा के लिये उपभोक्ताओं से कहा कि अपने परिसर में विद्यमान बिजली कनेक्शन से स्वीकृत भार के अनुसार ही बिजली का उपयोग करें।

# हिंदी भाषा के संरक्षण और विकास में हिंदी कवियों और साहित्यकारों का अहम योगदान

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हिंदी भाषा प्रदेश के कोने-कोने में विभिन्न बोलियों के रूप में बोली जाती है। प्रदेश के बाहर भी मध्यप्रदेश के निवासियों द्वारा सरलता और परिष्कृत उच्चारण के साथ हिंदी बोली जाती है। हिंदी भाषा का पर्याप्त विकास मध्यप्रदेश में हुआ है। मुख्यमंत्री ने भोपाल स्थित कुक्कुट भवन में हिंद युग्म उत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा के संरक्षण और विकास में हिंदी भाषा के साहित्यकारों और कवियों का अहम योगदान है। उन्होंने कवि प्रदीप, पद्मभूषण शिवमंगल सिंह सुमन, हजारी प्रसाद द्विवेदी और पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के हिंदी भाषा में योगदान को स्मरण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र में सर्वप्रथम हिंदी में संबोधित कर सारी दुनिया को हिंदी की ताकत से अवगत कराया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हिंदी भाषी कवियों और साहित्यकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय न सिर्फ अपने साहित्य से स्वतंत्रता की भावना को लोगों के मन में जिंदा रखा बल्कि विदेशी भाषाओं से हिंदी भाषा का संरक्षण भी किया।

मुख्यमंत्री ने हिंद युग्म उत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और रवीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा हिंदी भाषा के संरक्षण, विकास और योगदान के महत्व को दर्शित करते हुए हिंद युग्म उत्सव के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. श्री गौरव तिवारी सहित हिंदी भाषी कवि और साहित्यकार उपस्थित रहे।

## महिला वर्क-फोर्स के रिसोर्स पूल तैयार करने बनेगा ऑनलाइन पोर्टल

**भोपाल,** महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में मंत्रालय में मध्यप्रदेश वित्त एवं विकास निगम की 79वीं संचालक मण्डल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वर्तमान कार्यों की प्रगति तथा निगम के सुदृढ़ीकरण के लिये नवीन प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

सुश्री भूरिया ने कहा कि महिला-बाल विकास विभाग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण है। महिला वित्त विकास निगम इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि निगम के माध्यम से प्रदेश के महिला वर्क-फोर्स के लिये रिसोर्स पूल तैयार करें। निगम ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर प्रदेश की महिला वर्क-फोर्स की कौशल दक्षता का परीक्षण कर उन्हें कुशल, अर्द्ध-कुशल तथा अकुशल श्रेणी में वर्गीकृत करे। अकुशल और अर्द्ध-कुशल महिलाओं को प्रशिक्षण दें। सुश्री भूरिया ने कहा कि सभी विभागों में महिला वर्क-फोर्स की माँग अनुसार रिसोर्स पूल से कुशल, अकुशल और अर्द्ध-कुशल श्रेणी महिला वर्क-फोर्स को संबंधित विभाग को उपलब्ध कराया जा सकेगा। सुश्री भूरिया ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये निगम को एक नई भूमिका में आना होगा। विभिन्न विभागों से समन्वय के लिये निगम के अंतर्गत चैनल पार्टनर को सूचीबद्ध करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# अधोसंरचना निर्माण की नई तकनीकों के साथ ही प्राचीन विधाओं से लें प्रेरणा




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कार्यशाला का शुभारंभ किया

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन में लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश और इंडियन रोड काउंसिल नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'सड़क और पुल निर्माण में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों' पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों तथा अधोसंरचना के निर्माण में प्रयुक्त हो रही नवीन तकनीक और विधाओं पर विचार-विमर्श के दौरान प्राचीनकाल में हुए निर्माण कार्यों में प्रयुक्त प्रभावी तकनीक पर गौर करना तथा उनसे प्रेरणा लेना भी आवश्यक है। राजा भोज द्वारा एक हजार साल पहले बनाया गया भोपाल का बड़ा ताल मितव्ययता के साथ प्रभावी जल प्रबंधन का अनूठा उदाहरण है। सम्राट अशोक और सम्राट विक्रमादित्य के काल के सिक्कों पर बने मार्गों के चिह्न उस काल में सड़कों की महत्ता को दर्शाते हैं। यह तथ्य बताते हैं कि जब भी नवीन तकनीक की बात होगी तो प्राचीन विधा उसकी नींव का आधार बनेगी।

- 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' के साथ कार्य कर रही है राज्य सरकार
- वर्ष 2047 तक भारतीय रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर अमेरिका के रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर से होगा बेहतर
- निर्माण कार्यों में वैकल्पिक ईंधन का उपयोग कर लागत को किया जा सकता है कम

**औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को मिलेगी गति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के समान रूप से विस्तार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव किए जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न उद्योग समूह निवेश के लिए रुचि प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में हो रहे गुणवत्तायुक्त सड़क नेटवर्क के विकास से आवागमन सुगम होगा।

**जल, ऊर्जा, यातायात और संचार की भूमिका महत्वपूर्ण**

केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारतीय रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिकन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से बेहतर होगा। यह लक्ष्य हम देश के इंजीनियरों और जनसामान्य के सहयोग से प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका वॉटर, पॉवर, ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन की होती है।

## बीएमसी में स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार

**सागर,** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर का निरीक्षण किया। श्री राजपूत ने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बीएमसी में स्वास्थ्य सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज में और भी आवश्यक डिपार्टमेंट खोले जाएंगे। उन्होंने सफल कार्निया प्रत्यारोपण पर खुशी जताते हुए कहा कि सागर में ऐसी सुविधाएं मिलना शुरू हो गई हैं जो संपूर्ण क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में पहले जिन सुविधाओं का अभाव था वह धीरे-धीरे अब पूरी हुई हैं।

# आमजन के प्रति पुलिस सजग संवेदनशील और विनम्र रहे - राज्यपाल

**भोपाल,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने पुलिस स्मृति दिवस पर भोपाल के लाल परेड ग्रांउड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पुलिस, सशक्त समाज का आधार होती है। पुलिस की सक्रियता और उसका व्यवहार आम आदमी को सुरक्षित महसूस कराता है। आमजन के प्रति पुलिस सजग, संवेदनशील और विनम्र रहे। राज्यपाल श्री पटेल ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद पुलिस कर्मियों के परिजन से आत्मीय मुलाकात की।

राज्यपाल ने कहा कि पुलिस, समाज का अभिन्न हिस्सा है। पुलिस की सक्रिय भागीदारी के बिना विकास की सोच को फलीभूत करना संभव नहीं है। विकास के लिए समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे का वातावरण बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश पुलिस की गणना देश के श्रेष्ठ बलों में की जाती है। प्रदेश पुलिस ने 'देशभक्ति-जनसेवा' के सूत्र वाक्य को सार्थक किया है।

**पुलिस स्वयं को निरंतर अपडेट रखे**

राज्यपाल ने कहा कि पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी है कि कानून-व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए देश-प्रदेश की अखंडता, सामाजिक और सांस्कृतिक सद्भाव को बनाए रखे। जनता से समन्वय बनाए रखना भी पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों के अनुरूप पुलिस स्वयं को निरंतर अपडेट रखे।

सभी जिलों में पुलिस बैंड और महिला थाना की स्थापना, पुलिस परिवारों के लिए 25 हजार मकान बनाने के लक्ष्य एवं 950 महिला ऊर्जा डेस्क की स्थापना जैसे कार्यों के लिए प्रदेश पुलिस की सराहना की।

# नेस्ट्स ने ईएमआरएस के लिए अमेजन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम शुरू किया

**भोपाल,** नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स (नेस्ट्स) ने गत 22 अक्टूबर को 'मध्यप्रदेश' सहित आंध्रप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा, तेलंगाना और त्रिपुरा राज्य में 50 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में 'अमेजन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम' के तीसरे चरण का शुभारंभ किया।

नेस्ट्स के कमिश्नर श्री अजीत कुमार श्रीवास्तव ने नई दिल्ली में चार दिन की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के साथ-साथ ईएमआरएस कोडर्स एक्सपो का भी उद्घाटन किया। यह पिछले शैक्षणिक वर्ष के दौरान ईएमआरएस की शीर्ष 20 कोडिंग परियोजनाओं की एक प्रदर्शनी है।

नेस्ट्स कमिश्नर श्री अजीत कुमार ने उभरती हुई नई तकनीकों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल के साथ जनजातीय शिक्षकों को सशक्त बनाने के महत्व के बारे में बताया। समारोह में नेस्ट्स के आयुक्त ने शीर्ष 3 छात्र कोडिंग परियोजनाओं को उनकी रचनात्मकता और नवाचार के लिए सम्मानित किया। साथ ही शीर्ष 3 आईटी शिक्षकों को पूरे वर्ष उनके समर्पण और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित भी किया।

अमेजन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम का तीसरा चरण देश भर में प्रस्तावित 410 ईएमआरएस में शुरू किया जाएगा।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भारतीय नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने प्रतीक चिह्न भेंट किया

## अधोसंरचनाओं के कार्यों का तेज गति से क्रियान्वयन आवश्यक

**भोपाल,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सशक्त-आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को मूर्त रूप देने, स्वस्थ मध्यप्रदेश के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और अधोसंरचनाओं को निरंतर सुदृढ़ करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन कार्यों के तेज गति से क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय आवश्यक है।

# मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जल्द बनेगा अग्रणी राज्य

**भोपाल,** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सौर ऊर्जा के विज़न एवं मार्गदर्शन तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। प्रदेश में वर्ष 2012 में नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से स्थापित संयंत्रों की क्षमता 500 मेगावॉट से भी कम थी। पिछले 12 वर्षों में राज्य की कुल नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से स्थापित क्षमता बढ़कर लगभग 7 हजार मेगावॉट हो गई है। इस प्रकार राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता में नवकरणीय ऊर्जा का अंश बढ़कर लगभग 21 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा से संयंत्रों की स्थापित क्षमता को 20 हजार मेगावॉट तक बढ़ायेंगे।

श्री शुक्ला ने कहा कि 20 हजार मेगावॉट की पूर्ति के लिये हमारी सरकार ने 21 अक्टूबर, 2024 को 300-300 मेगावॉट क्षमता की सोलर पार्क परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति जिला धार एवं सागर के लिये प्रदान की है।

श्री शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा से समृद्ध प्रदेश है, जिसमें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में चौमुखी विकास किया जा रहा है। इसमें रीवा की गुढ़ परियोजना, पश्चिम में ओंकारेश्वर एवं नीमच परियोजनाएं, उत्तर में मुरैना की प्रस्तावित परियोजना, मध्य एवं दक्षिण में सागर की प्रस्तावित परियोजना शामिल है।

# देशभक्ति और जनसेवा के ध्येय वाक्य के साथ दिन-रात जनता की सेवा में तत्पर है पुलिस

**उज्जैन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन उज्जैन में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को देश की आन्तरिक सुरक्षा, एकता, अखण्डता के लिये अपने प्राणों की आहुति देकर कर्तव्य-परायणता का अनूठा उदाहरण देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। पुलिस देशभक्ति और जनसेवा के ध्येय वाक्य के साथ दिन-रात जनता की सेवा में तत्पर रहते हुए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर देती है। ऐसे सभी बलिदानी पुलिसकर्मियों को मैं सैल्यूट करता हूं। पुलिसकर्मी देश की सेवाओं के संचालन में मदद करते हैं और देश की आन्तरिक सुरक्षा में सर्वोच्च योगदान देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में कर्तव्य की वेदी पर पुलिस के जवान मुस्तैदी से तैनात रहे। पुलिसकर्मियों के इस अद्वितीय योगदान का स्मरण करते हुए देश-प्रदेश गौरवान्वित महसूस करता है। कोरोना काल में पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और सफाईकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य से देश की आबादी सुरक्षित रही। आजादी से लेकर आज तक ऐसे कई कठिन मौकों पर पुलिसकर्मियों द्वारा अपनी भूमिका को सार्थक सिद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि 'हिम्मत और पराक्रम से भरे हैं, आपके सशक्त कदम हर मुसीबत से बड़े हैं, आपके शौर्य को नमन, आपके प्रताप को प्रणाम है, आप हमारी शक्ति हैं, मध्यप्रदेश का अभिमान हैं।'

कार्यक्रम में पुलिस जवानों द्वारा परेड प्रदर्शन कर वीर शहीदों को सलामी दी गई। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्री रणजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव, जन-प्रतिनिधि और अधिकारियों ने पुष्प-चक्र अर्पित कर वीर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान वीर शहीद स्व. लालबहादुर सिंह, स्व. बलराम के परिजन को शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने परेड कमांडर से परिचय प्राप्त किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## सभी आईटीआई में ट्रेड के अनुसार शत प्रतिशत सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित कराएं

**इंदौर,** कौशल विकास एवं रोज़गार राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि इंदौर संभाग के प्रत्येक आईटीआई ट्रेड के अनुसार शत प्रतिशत सीटों के लिए प्रवेश, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तथा शत प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित कराने की कार्रवाई की जाए। प्रत्येक आईटीआई द्वारा युवाओं को विभिन्न प्रशिक्षणों से जोड़ने और उन्हें रोज़गार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। श्री टेटवाल ने यह निर्देश इंदौर संभाग के सभी आईटीआई एवं जिला रोज़गार अधिकारियों की बैठक में दिये दिये।

श्री टेटवाल ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल में संपर्क करके बच्चों को आईटीआई के महत्व की जानकारी दी जाए। ट्रेड के अनुसार शत प्रतिशत सीट पूर्ति के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। आईटीआई में प्रवेश के साथ ही संबंधित ट्रेड के अनुसार प्रशिक्षित युवाओं के बेहतर प्लेसमेंट के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। आईटीआई करने वाले बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर आईटीआई भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईटीआई में संचालित होने वाले ट्रेड और स्टाफ की भी समीक्षा कर निर्देश दिए कि बेहतर परिणाम देने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहन तथा काम में कोताही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन भी आईटीआई में ट्रेड वार सीटें रिक्त हैं, वहां निर्धारित समयावधि में उक्त रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि पीथमपुर आईटीआई में बच्चों की भर्ती के लिए विशेष प्रयास किये जाएं।

## एम.पी. टूरिज्म बोर्ड और एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना के बीच हुआ एमओयू

**रीवा,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के न्यूजलेटर *'ऑफबीट मध्यप्रदेश'* का विमोचन किया। इस न्यूजलेटर का उद्देश्य राज्य के पर्यटन स्थलों की व्यापक जानकारी प्रदान करना और राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना है।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य सतना और रीवा क्षेत्र में पर्यटन प्रबंधन और आतिथ्य क्षेत्र में कौशल विकास और रोज़गार क्षमता को बढ़ावा देना है। दोनों संस्थाएं मिलकर पर्यटन एवं आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास, इंटर्नशिप के माध्यम से रोज़गार एवं स्व-रोज़गार के अवसरों को प्रोत्साहित करेंगी।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में फैसला

# मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों का होगा उन्नयन



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित किया*

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में वर्तमान में संचालित 12 हजार 670 मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों को पूर्ण आंगनवाड़ी केन्द्र में उन्नयन किये जाने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों में एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का प्रावधान है। निर्णय अनुसार इन मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों के उन्नयन के बाद एक पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एक पद आंगनवाड़ी सहायिका का होगा। उन्नयित 25 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर एक पर्यवेक्षक के मान से कुल 476 पर्यवेक्षक के पद स्वीकृत किये गये। केन्द्र सरकार के निर्धारित मापदण्ड उन्नयित आंगनवाड़ी केन्द्रों पर लागू होंगे।

मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों को पूर्ण आंगनवाड़ी केन्द्रों में उन्नयन किए जाने पर केन्द्रांश राशि रुपये 3401.90 लाख एवं राज्यांश राशि 17945.82 लाख होगा। इस प्रकार कुल राशि रुपये 21347.71 लाख अतिरिक्त वार्षिक व्यय भार आयेगा।

### वित्तीय सहायता की स्वीकृति

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य अंतर्गत बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (संशोधित 2019) की धारा 4 एवं 6 के तहत प्रदेश के 55 जिलों में लागू किया गया है। योजना का उद्देश्य 18 वर्ष तक लैंगिक अपराध से पीड़ितों को पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत संरक्षण एवं भारत सरकार के निर्भया फण्ड से वितीय सहायता प्रदान करना एवं उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना है। निर्भया फण्ड से प्रत्येक जिले को 10 लाख रुपये आवंटित किये जायेंगे।

### अन्य निर्णय

एक जनवरी 2016 के पूर्व एवं 01.01.2016 को या इसके उपरांत सेवानिवृत्त विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स को वित्त विभाग के परिपत्र अनुसार सातवें वेतनमान के अनुरूप पेंशन देने की स्वीकृति दी गई।

### 6388 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति

मंत्रिपरिषद ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में स्वीकृत कुल 454 स्वास्थ्य संस्थाओं में कुल 6388 नवीन पदों (5936 नियमित एवं 452 संविदा) के सृजन की स्वीकृति दी। इसके अतिरिक्त 1589 आउटसोर्सिंग एजेन्सी से कार्य पर रखे जाने की स्वीकृति भी दी गई। पदों के सृजन पर होने वाले वार्षिक अनुमानित व्यय राशि 351 करोड़ 17 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। नवीन सृजित पदों का सृजन कर समस्त पदों को वर्ष 2024-25 में भरे जाने की स्वीकृति दी है।

फैक्ट फाइल


# केन्द्र की कल्याणकारी योजनाओं के अमल में मध्यप्रदेश नंबर 1

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिये पूरे देश में जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश केंद्रीय योजनाओं के अमल में सबसे अग्रणी राज्य है। इसके लिए मध्यप्रदेश को कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने विकास के कई कीर्तिमान रचे हैं।

केन्द्र की योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिये किये जाने वाले प्रयासों का ही परिणाम है कि मध्यप्रदेश, देश में योजनाओं के क्रियान्वयन में सबसे आगे है। विकास के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिये किये जाने वाले नवाचारों और कार्यों ने मध्यप्रदेश के विकास की नई तस्वीर निर्मित कर आगे कदम बढ़ाया है।

### केन्द्र सरकार की इन योजनाओं में अग्रणी है मध्यप्रदेश

केन्द्र सरकार की जिन योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सबसे अग्रणी है उसमें पीएम स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम आवास योजना, कृषि अवसंरचना निधि, प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना, पीएम स्वामित्व योजना, नशामुक्त भारत अभियान, आयुष्मान भारत योजना, मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन और स्वच्छ भारत मिशन शामिल हैं।




**पी.एम. जीवन ज्योति बीमा योजना**

**लाभान्वित**- 93 लाख हितग्राही

योजना में उपलब्धि - 100 प्रतिशत

**भारत नेट योजना**

योजना में उपलब्धि - 20 हजार 422 ग्राम पंचायतों में आप्टिकल फाइबर केबल स्थापित।

योजना में उपलब्धि - 100 प्रतिशत

**स्वामित्व योजना**

लक्ष्य - 29 लाख 99 हजार 23 स्वामित्व कार्ड

जारी हुए कार्ड - 23 लाख 50 हजार

ड्रोन सर्वे - 43 हजार 130 ग्रामों का, शत-प्रतिशत पूर्ण

**अटल पेंशन योजना**

लक्ष्य - 26 लाख 15 हजार

योजना में उपलब्धि - शत-प्रतिशत

**विशेष**

**पीएम स्व-निधि योजना**

लक्ष्य - 7 लाख 46 हजार 600

लाभान्वित - 11 लाख 74 हजार 96

*योजना में उपलब्धि - 157.25 प्रतिशत*

**स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना**

जारी हुए कार्ड - 7 लाख 79 हजार 651 कार्ड वितरित

*योजना में उपलब्धि - 77.96 प्रतिशत*

### केंद्र की योजनाओं में मध्यप्रदेश की प्रगति

**जल जीवन मिशन**

लक्ष्य - 83 लाख 27 हजार 582

कार्य हुए - 72 लाख 89 हजार 228 नल कनेक्शन (हर घर नल से जल)

*योजना में उपलब्धि - 87.53 प्रतिशत*

**आयुष्मान भारत योजना**

लक्ष्य - 4 करोड़ 70 लाख 96 हजार 914

कार्ड तैयार हुए - 4 करोड़ 2 लाख 22 हजार 893

*योजना में उपलब्धि - 85.83 प्रतिशत*

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

लक्ष्य - 72 हजार 994 किलोमीटर ग्रामीण सड़क

निर्माण हुआ - 72 हजार 965 किलोमीटर

*योजना में उपलब्धि - 99.98 प्रतिशत*

**किसान क्रेडिट कार्ड योजना**

जारी हुए कार्ड - 65 लाख 83 हजार 726

*योजना में उपलब्धि - 100 प्रतिशत*

**किसान क्रेडिट कार्ड (पशु पालन) योजना**

जारी हुए कार्ड - 6 लाख 4 हजार 441

*योजना में उपलब्धि- 78.84 प्रतिशत*

**किसान क्रेडिट कार्ड (मछली पालन) योजना**

लक्ष्य - एक लाख 77 हजार 390

कार्ड का वितरण - एक लाख 35 हजार 646

*योजना में उपलब्धि- 76 प्रतिशत*

**अटल पेंशन योजना**

लक्ष्य - 26 लाख 15 हजार

*योजना में उपलब्धि - शत-प्रतिशत*

**अमृत सरोवर योजना**

लक्ष्य - 3900 सरोवर निर्माण

*योजना में उपलब्धि - 5839 सरोवर निर्माण।*

*हितेश शर्मा*

(लेखक, समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)




लुका मोड्रिक

## रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने



लुका मोड्रिक रियल मैड्रिड के इतिहास में एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशियाई खिलाड़ी 39 साल और 40 दिन की उम्र में बैलाडोस में सेल्टा के खिलाफ मैच में उतरे और उन्होंने फेरेंक पुस्कस के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 39 साल और 40 दिन की उम्र में बैलाडोस में मैदान पर उतरने वाले लुका ने पुस्कस के 1966 से बने रिकॉर्ड को 4 दिनों से हरा दिया। लुका ने रियल मैड्रिड के खिलाड़ी के रूप में अपनी 250वीं ला-लिगा जीत भी दर्ज की।

यूएई

## लागू की वीजा ऑन अराइवल पॉलिसी




यूएई जाने वाले भारतीय यात्रियों के लिए बड़ी खबर है। यहां जाने वाले यात्रियों के लिए नई वीजा पॉलिसी लागू की गई है। नई वीजा ऑन अराइवल नीति में अमेरिका और यूरोपीय संघ के किसी देश का वीजा या ग्रीन कार्ड रखने वाले व्यक्तियों को यूएई का वीजा मिलने में आसानी होगी। नई पॉलिसी के तहत यूएई की सरकार ने संबंधित अधिकारियों को ये आदेश दिए हैं कि पात्र भारतीयों को यूएई पहुंचने पर 14 दिन का वीजा ऑन अराइवल दिया जाए।

अदिति आनंद

## बालश्रम आधारित कलाकृति पर सम्मान मिला



हरियाणा में करनाल की रहने वाली उदीयमान कलाकार 25 वर्षीय अदिति आनंद को लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय के चित्रण पुरस्कारों में उभरते चित्रकार की श्रेणी में विजेता घोषित किया गया है। इंग्लैंड के कैम्ब्रिज में एंग्लिया रस्किन विवि (एआरयू) की छात्रा अदिति को हाल में एक समारोह में उनकी कलाकृति 'मैरीगोल्ड्स' के लिए पुरस्कृत किया गया। यह कलाकृति सितंबर 2025 तक लंदन में विश्व प्रसिद्ध विक्टोरिया और अल्बर्ट (वी एंड ए) डिजाइन संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएगी।

ऐशाथ अजीमा

## भारत में मालदीव की राजदूत होंगी



सीनियर डिप्लोमेट ऐशाथ अजीमा भारत में मालदीव की राजदूत होंगी। वर्ष 1988 में विदेश सेवा में शामिल होने वाली अजीमा जून 2019 से सितंबर 2023 तक चीन में मालदीव की राजदूत के रूप में काम कर चुकी हैं। ज्ञात रहे कि इब्राहिम शाहीब को अक्टूबर 2022 में नियुक्त किया गया था। अब अजीमा उनका स्थान लेंगी। अजीमा ब्रिटेन में मालदीव की उप राजदूत और विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव सहित अन्य पदों पर काम कर चुकी हैं।

सेबिन साजी

## 25 ग्राम की वॉशिंग मशीन बनाई



केरल के कांजिरपल्ली के रहने वाले सेबिन साजी ने दुनिया की सबसे छोटी वॉशिंग मशीन बना कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। साजी की बनाई हुई यह मशीन 1.28 इंच लंबी, 1.32 इंच चौड़ी और 1.52 इंच ऊंची है। इसका वजन केवल 25 ग्राम है। गिनीज रिकॉर्ड बनाने के लिए वॉशिंग मशीन को डिजाइन करने के बाद उसे असेंबल करना था। इसके बाद यह दिखाना था कि यह मशीन कपड़ों को धो सकती है, खंगाल सकती है और स्पिन कर सकती है। सेजी इसमें कामयाब रहे। मशीन किसी भी साधारण बड़ी वॉशिंग मशीन की तरह ही काम करती है और इसमें कपड़े भी धोए जा सकते हैं।

निकिता पोरवाल

## उज्जैन की प्रतिभागी बनीं फेमिना मिस इंडिया



मिस इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले मुंबई के वर्ली में संपन्न हुआ, जहां उज्जैन की निकिता पोरवाल ने 29 राज्यों की प्रतिभागियों को पीछे छोड़कर फेमिना मिस इंडिया-2024 का खिताब जीत लिया है। निकिता अब मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। खास बात ये है कि निकिता रामलीला में सीता और कृष्णलीला में राधा का किरदार निभाकर इस मुकाम तक पहुंची हैं। निकिता को मिस इंडिया का खिताब मिलने के बाद उज्जैन के उनके अरविंद नगर स्थित घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उन्होंने पहली बार किसी ब्यूटी स्पर्धा में हिस्सा लिया था।

लियोनेल मेसी

## मार्का अमेरिका पुरस्कार से हुए सम्मानित



अमेरिकी क्लब इंटर मियामी की तरफ से खेलने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी को पहले मार्का अमेरिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार स्पेन स्थित मीडिया कंपनी देती है। यह पुरस्कार मेसी की कई उपलब्धियों में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने अपने क्लब और देश के लिए रिकॉर्ड 46 ट्रॉफियां जीती हैं। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर कम से कम 56 अन्य पुरस्कार हासिल किए हैं। इंटर मियामी के घरेलू मैदान चेस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेसी ने कहा कि यह सफर काफी लंबा रहा है। इस दौरान हमने बहुत सी खूबसूरत चीजों का अनुभव किया है।

मिशेल रूडी

## एक साथ 38 कुत्तों को टहलाकर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड



कनाडा के मिशेल रूडी ने एकसाथ 38 कुत्तों को टहलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। ज्ञात रहे कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले रूडी डॉग लवर हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण कोरियाई शख्स के नाम दर्ज था, जिन्होंने एक साथ 36 कुत्तों को टहलाया था। मिशेल को करीब 1 किलोमीटर (0.6 मील) तक सभी कुत्तों को घुमाना पड़ा और इस दौरान सभी 38 कुत्तों के गले में पट्टा डला हुआ था। जिन कुत्तों को मिशेल ने टहलाया था, वे सभी आवारा कुत्ते थे, जिन्हें वह KK9R नाम के एक शेल्टर होम में रखते और देखभाल करते हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण कोरिया के चुंगचेओंगबुक-डो ने इसी साल 5 सितंबर को बनाया था। इस रिकॉर्ड के दौरान उन्होंने एक साथ 36 कुत्तों को टहलाया था, लेकिन एक माह बाद ही यह रिकॉर्ड टूट गया।

क्लाउडियो गिराल्डेज़

## सेल्टा विगो ने करार दो साल बढ़ाया



ला लीगा क्लब सेल्टा विगो ने अपने कोच क्लाउडियो गिराल्डेज का अनुबंध जून 2027 के अंत तक बढ़ा दिया है। 36 वर्षीय पूर्व बी-टीम कोच, जिन्होंने पिछले सीजन के अंत में राफेल बेनिटेज की जगह ली थी, का पिछला अनुबंध जून 2025 में समाप्त होने वाला था। दो साल का विस्तार पिछले सीजन में सेल्टा को निर्वासन से बचाने और वर्तमान अभियान की शानदार शुरुआत के लिए उनके काम का इनाम है, जिसमें टीम ने नए अभियान के अपने पहले नौ मैचों में 13 अंक हासिल किए हैं, जबकि गिराल्डेज की आक्रामक फुटबॉल शैली की बदौलत क्लब ने इस प्रक्रिया में 16 गोल किए हैं। उनके नेतृत्व में क्लब ने 19 खेलों में 30 अंक हासिल किए हैं, जिसे अगर पूरे सीजन तक बनाए रखा जाए, तो यह यूरोपीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश करेगा। क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, आरसी सेल्टा अपनी परियोजना को मजबूत कर रहा है, अपनी युवा प्रणाली के विकास को मजबूत कर रहा है और प्रशंसकों को फुटबॉल की एक व्यक्तिगत शैली दे रहा है, जो खुश, महत्वाकांक्षी और देखने में बहुत अच्छी है।

क्रिस्टी मार्टिन

## पूर्व विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज पर बन रही फिल्म



सुपर वेल्टरवेट वर्ग में विश्व चैंपियन रहीं महिला मुक्केबाज क्रिस्टी मार्टिन की जिंदगी पर एक फिल्म बन रही है। इसमें क्रिस्टी की भूमिका हॉलीवुड अभिनेत्री सिडनी स्वीनी निभाएंगी। सिडनी ने सोशल मीडिया के जरिए दिखाया है कि वह इस फिल्म के लिए कितने प्रयास कर रही हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी ताजा तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह मुक्केबाजी सीख रही हैं। इन तस्वीरों में सिडनी का हेयर स्टाइल 1990 के दशक की याद करा रहा है। स्वीनी, डेविड मिचॉड द्वारा निर्देशित इस अनटाइटल्ड स्पोर्ट्स बायोपिक में मार्टिन की भूमिका निभा रही हैं, जिसका निर्माण हाल ही में शुरू हुआ है। एक पूर्व मुक्केबाज मार्टिन ने 1989-2012 तक तरीके से खेला और साल 2009 में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में विश्व चैंपियन रहीं।

मध्यप्रदेश

## 'इनलेंड वॉटर टूरिज्म एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित



मध्यप्रदेश को 2024 में 'इनलेंड वॉटर टूरिज्म एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राज्य में जल पर्यटन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों और पर्यटन अनुभवों को बढ़ाने के प्रयासों के लिए दिया गया है। सम्मान अंतरराष्ट्रीय ट्रेवल मैगजीन द्वारा मरीन टूरिज्म अवार्ड्स के तहत दिया गया। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश में 22 जल निकायों में 37 गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

विजया रहाटकर

## महिला आयोग की अध्यक्ष बनीं



विजया किशोर रहाटकर राष्ट्रीय महिला आयोग की 9वीं अध्यक्ष होंगी। वे 2016-2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं। उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए हुई है। उन्होंने पुणे विश्वविद्यालय से फिजिक्स में स्नातक और इतिहास में स्नातकोत्तर किया है। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं हैं, जिसमें 'औरंगाबाद लीडिंग टू वाइड रोड्स' चर्चित है।

स्विट्ज़रलैंड और भारत

## दोस्ती के 75 साल पूरे हुए



स्विट्ज़रलैंड के दूतावास ने स्विट्ज़रलैंड और भारत की दोस्ती के 75 साल पूरे होने पर जश्न मनाया। इसके लिए 'स्विस आर्ट नाइट: इन द एयर' का आयोजन हुआ। इसका आकर्षण हवा में कलाबाजी के माहिर पुरस्कार विजेता जेसन ब्रुगर की तीन प्रस्तुतियां रहीं। उनके साथ मशहूर हुला-हूप कलाकार एशना कुट्टी ने शानदार प्रदर्शन से समां बांध दिया। उल्लेखनीय है कि स्विट्ज़रलैंड और भारत ने 14 अगस्त, 1948 को मैत्री और स्थापना संधि पर दस्तखत किए थे।

उत्तर कोरिया

## दक्षिण कोरिया को घोषित किया शत्रु राष्ट्र



उत्तर कोरिया ने अपने संविधान में बदलाव करते हुए पहली बार दक्षिण कोरिया को शत्रु राष्ट्र घोषित कर दिया है। उत्तर कोरिया की संसद ने देश के संविधान में परिवर्तन करने के लिए पिछले हफ्ते दो दिवसीय बैठक की थी। वहीं दक्षिण कोरिया ने इस बदलाव की निंदा करते हुए कहा कि वह शांतिपूर्ण कोरियाई एकीकरण का प्रयास जारी रखेगा। ज्ञात रहे कि उत्तर कोरिया नेता किम जोंग उन ने बदलाव का आह्वान किया था।

जस्टिस संजीव खन्ना

## भारत के 51वें सीजेआई होंगे



जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार से उनके नाम की सिफारिश की है। दरअसल सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद वरिष्ठता की सूची में जस्टिस खन्ना का ही नाम सर्वोपरि है।

# स्मृति शेष

## टिक टॉक स्टार रचेल याफे का निधन



अमेरिका की 27 वर्षीय टिकटॉक स्टार रचेल याफे का दुर्लभ लिवर कैंसर से निधन हो गया। रचेल का 7 साल से कैंसर का इलाज चल रहा था। ज्ञात रहे कि रचेल को कैंसर का पता तब चला, जब वह पेट में सूजन महसूस कर रही थीं और उन्हें स्टेज 4 कैंसर का पता चला। इसके बाद उन्होंने सर्जरी भी कराई थी। रचेल ने अपनी टिक टॉक रील के जरिए कैंसर से बचाव के बारे में प्रचार-प्रसार भी किया था।

## मशहूर सिंगर लियम पेन का निधन



वन डायरेक्शन बैंड के पूर्व सदस्य और इंग्लिश सिंगर लियम पेन की अर्जेंटीना के होटल की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई है। परफेक्ट किस यू और सनशाइन समेत कई सॉन्ग्स गा चुके लियम को इससे पहले अर्जेंटीना में अपने पूर्व बैंड के साथी के कॉन्सर्ट में देखा गया था। 31 वर्षीय लियम साल 2010 में एक्स फैक्टर टेलीविजन शो में बनाए गए मशहूर बॉयबैंड का हिस्सा भी रहे थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग गुना (म.प्र.)

## निविदा विज्ञप्ति सूचना क्र. 07/2024-25 दिनांक 18.10.2024

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग गुना के अंतर्गत निम्नांकित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की शर्तें एवं अन्य अभिलेख टेन्डर प्रपत्र के साथ संलग्न है। जिन्हें वेबसाइट से डाउनलोड कर देखा जा सकता है। कार्य का विवरण एवं ऑनलाइन टेण्डर क्रय करने बिड सबमिशन करने का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | जिले का नाम | कार्य का प्रकार | ऑनलाइन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुना | मार्ग अनुरक्षण | 2024_PWDRB_377186_1 | व्हाइट टॉपिंग कार्य बूढ़ेबालाजी से हनुमान टेकरी पहुंच मार्ग लं. 1.88 कि.मी. | प्रथम | 328.07 | 328070.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित | आवश्यकता नहीं केवल टेन्डर पोर्टल पर उपलब्ध करावें (**https://www.mptenders.gov.in**) |

उपरोक्त निविदायें वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर **दिनांक 25.10.2024** से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड सबमिट करने की **अंतिम तिथि 06.11.2024 को समय 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, संभाग गुना**

**जी-17924/50185/2024**

# कार्यालय कलेक्टर (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण) नर्मदापुरम

**क्रमांक/नि.क./2024/1394** **नर्मदापुरम, दिनांक: 10.10.2024**

## विज्ञप्ति

भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष-2023 में डी.डी.आर.सी. कर्मचारियों के लिये जारी गाईडलाइन एवं आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण म.प्र. भोपाल के पत्र क्र./दि. सश.-2/एफ-173/2024-25/2263 दिनांक 11.07.2024 तथा पत्र क्र./2941 दिनांक 30.08.2024 के परिपालन में **जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र-नर्मदापुरम** में रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है। अतः निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु योग्यताधारक उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन पत्र सीलबंद लिफाफे में **दिनांक 04.11.2024 सायंकाल 06.00 बजे तक** कार्यालय उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम (जिला पंचायत नवीन भवन के कक्ष क्र.-26) में आमंत्रित किए जाते हैं। कार्यालयीन कार्य दिवसों में (शासकीय अवकाश छोड़कर) समय प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 06.00 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों में विचार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों से संबंधित जानकारी का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पद का नाम | स्वीकृत पदों की संख्या | योग्यताएं | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑडियोलाजिस्ट और सीनियर स्पीच थेरेपिस्ट | 1 | ऑडियोलॉजी और स्पीच एंड लैंग्वेज पैथोलॉजी (बीएएसएलपी) में स्नातक या बी.एससी. स्पीच एंड हेयरिंग | 20,500=00 |
| 2 | प्रारंभिक उपचार थेरेपिस्ट | 1 | पीजीडीडीटी/पीजीडीईआई/बीएमआर/बीआरएससी/बीआरटी/एमआरएससी/एमएससीई-आई | 14,500=00 |
| 3 | केयर गिवर | 1 | सीसीसीजी/आरसीआई-सीसीजी/राष्ट्रीय न्यास या कक्षा VIII उत्तीर्ण जिसमें दिव्यांगजनों की देखभाल में 3 साल का अनुभव हो। | 6,250=00 |

अतः उपरोक्त पदों से संबंधित अधिक जानकारी के लिये विज्ञप्ति में दी गई निर्धारित शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप कार्यालय से कार्यालयीन समय में एवं जिला-नर्मदापुरम की वेबसाइट **https://narmadapuram.nic.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

**सचिव**
**जी-17975/50186/2024** **जिला प्रबंधन दल एवं उपसंचालक (सा. न्याय) हेतु कलेक्टर नर्मदापुरम**

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)

**क्र. 1559/2024** **शहडोल, दिनांक : 24.10.2024**

## विज्ञापन सूचना

वाहन क्रय किये जाने संबंधी निविदा GeM पोर्टल पर निविदा क्रमांक GEM/2029/B5534975 प्रकाशित की गई है।

आर-50191/2024 **कुलसचिव**

# कार्यालय नगर परिषद, तलेन जिला राजगढ़ (म.प्र.)

**क्रमांक/न.प./स्था./1305** **तलेन, दिनांक : 24.10.2024**

## विज्ञापन

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका क्रमांक 7275/2019 में पारित आदेश दिनांक 30.01.2024, म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-19/2019/आ.प्र./1 दिनांक 14.02.2024 एवं म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पत्र क्रमांक/676/16017123/2023/18-1 दिनांक 16.02.2023 एवं उक्त से संदर्भ में शासन द्वारा जारी अन्य पत्रों में दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सफाई संरक्षक (जनसेवक) पद की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी नीचे दर्शाये गये निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भर कर **दिनांक 14.11.2024 तक कार्यालयीन समय 05:30 सायंकाल तक** आवेदन-पत्र प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक के माध्यम से विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र के लिए निकाय/कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता की जानकारी निम्नानुसार है:-

| सरल क्र. | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता | वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिबाधित और कमदृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता | | |
| 1. | सफाई संरक्षक (संविदा) | चतुर्थ | 8000/- या जिला कलेक्टर महोदय द्वारा निर्धारित दर | 1 | 0 | 0 | 0 | पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण | वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि एवं समय की सूचना अभ्यर्थियों को उनके ई-मेल आई.डी. पर पृथक से दी जावेगी। |

मुख्य शर्तें :-

1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 होना चाहिये।
3. आवेदक का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
4. आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरुष वर्ग के लिए 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो उसे उक्त पदों के लिए अयोग्य माना जायेगा।
5. प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद मेरिट के आधार पर चुनिन्दा अभ्यर्थियों को वॉक-इन-इन्टरव्यू/साक्षात्कार के लिये आमंत्रित किया जावेगा। उक्त की सूचना आवेदक की ई-मेल आई.डी. पर दी जावेगी।
6. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
7. समस्त प्रमाण-पत्रों को सक्षम अधिकारी (राजपत्रित अधिकारी) अथवा स्वयं सत्यापित करने उपरांत प्रमाण पत्रों की प्रति संलग्न प्रेषित की जावें।
8. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगे।
9. आवेदन भेजने का पता-कार्यालय नगर परिषद तलेन जिला राजगढ़ पिन कोड- 465680
10. अधूरे, अस्पष्ट एवं अपठनीय आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
11. दिव्यांगजनों हेतु चिन्हांकित संविदा के पदों पर भर्ती संबंधी कार्यवाही मध्यप्रदेश नगरपालिका संविदा (अनुबंध तथा सेवा की शर्तें) सेवा, नियम 2021 में विहित प्रावधानानुसार की जावेगी।
12. नियुक्ति से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण शर्तें जिनका पालन करना अनिवार्य है एवं अभ्यर्थियों द्वारा दिये जाने वाला आवेदन का प्रारूप कार्यालय जिला कलेक्टर राजगढ़/कार्यालय जिला पंचायत/कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक एवं कार्यालय नगर परिषद तलेन जिला राजगढ़ के सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाइट https://mpurban.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद तलेन, जिला राजगढ़ (म.प्र.)**

## आवेदन का प्रारूप

प्रति,
कार्यालय नगर परिषद तलेन जिला राजगढ़
पूरा पता- वार्ड क्र. 02 बंगला शाला परिसर
दूरभाष नं. - 9340536259

**स्व-प्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें**

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम .......................................................
2. आवेदक/आवेदिका के पिता/पति का नाम .......................................................
3. आवेदक/आवेदिका की माता का नाम .......................................................
4. आवेदक/आवेदिका की जन्म तिथि (जन्म प्रमाण पत्र/हाईस्कूल की अंकसूची अनुसार) वर्ष ........................ माह ........................ दिन ........................
5. दिनांक ........................ को आयु वर्ष ........................ माह ........................ दिन ........................
6. आवेदक/आवेदिका का लिंग (पुरुष / महिला / अन्य) ........................
7. निःशक्तता का डिजिटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी (हां / नहीं) ........................
8. दिव्यांगता की श्रेणी एवं दिव्यांगता का प्रतिशत .......................................................
9. आवेदक/आवेदिका की जाति .......................................................
10. आवेदक/आवेदिका यदि विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण-पत्र अनुसार विवाह की दिनांक ........................
11. जीवित संतानों का विवरण .......................................................
12. वर्तमान पता/पिन कोड .......................................................
13. स्थाई पता / पिन कोड .......................................................
14. पत्राचार का पता/पिन कोड .......................................................
15. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम ........................
.......................................................
16. संविदा पद हेतु अनुभव का विवरण .......................................................
17. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताएं (प्रमाण-पत्रों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | कुल अंक | प्राप्त अंक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

18. अनुभव यदि हो तो उसका विवरण .......................................................
19. अतिरिक्त विशेष योग्यता यदि हो तो उसका विवरण ........................
20. ई-मेल आई.डी. .......................................................
21. मोबाइल नम्बर : 1........................ 2........................

**आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता**

**घोषणा-पत्र**

"मैं घोषणा करता हूं/करती हूं कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है। यह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। कोई भी जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जावें।"

आर-50190/2024 **आवेदक के हस्ताक्षर**

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

## खनि अधिकारी परीक्षा-2023 दिनांक 25.08.2024 (रविवार)

### परीक्षा परिणाम

**विज्ञप्ति क्र. : 10264/15/2024/अनु-10** **इंदौर, दिनांक : 25.10.2024**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **खनि अधिकारी परीक्षा-2023** हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

01/ विज्ञापन क्रमांक-06/2023/13.03.2023, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 09.06.2023 |

| | |
|---|---|
| (1) | विज्ञप्ति क्रमांक-16879/2023/अनु.-6 (विज्ञापन के संबंध में केविएट याचिका दायर करने के संबंध में सूचना)। |
| (2) | शुद्धि पत्र क्रमांक-1/06/2023 दिनांक 01.08.2024 (परीक्षा के आयोजन विषयक सूचना)। |

02/ उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **खनि अधिकारी परीक्षा-2023** जिला मुख्यालय इंदौर के केन्द्र पर दिनांक 25.08.2024 (रविवार) को एक सत्र में दोपहर 12:00 से 03:00 बजे तक आयोजित की गई थी।

03/ उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :-

**श्रेणीवार/वर्गवार कुल विज्ञापित**

| क्र. | विवरण | UR | SC | ST | OBC | EWS | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | कुल रिक्तियों की संख्या (TOTAL POST) | 2 | 1 | 1 | 1 | - | 5 |
| (ब) | कुल रिक्तियों में से महिलाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (FEMALE) | 1 | - | - | - | - | 1 |
| (स) | कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (ExSer) | - | - | - | - | - | - |
| (द) | कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद रिक्तियों की संख्या (PH) | (PH-NA) | | | | | - |

04/ राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के ''पत्र क्रमांक एफ-07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल, दिनांक 29 सितंबर 2022'' के प्रकाश में विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-06/2023/13.03.2023 में मुख्य एवं प्रावधिक भाग के विज्ञापित पदों के अनुसार आयोग द्वारा बैठक दिनांक 10.07.2023 के निर्णय क्र.-55 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए उपरोक्त परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

**परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है :-**

1. सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
2. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का अभिवचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

05/ सामान्य प्रशासन विभाग के ''पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022'' में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार खनि अधिकारी परीक्षा-2023 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है। चूंकि उपरोक्त परीक्षा के लिए विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-06/2023/13.03.2023 में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी हेतु 01 (एक) ही पद विज्ञापित है। अतः उक्त परीक्षा का **प्रावधिक भाग निरंक है।**

उपरोक्तानुसार **खनि अधिकारी परीक्षा-2023** के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग अ** के लिए साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल-17 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

**MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**MINING OFFICER EXAM 2023 - PART A (MAIN)**
**ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES**

| S. No. | ROLL No. | S. No. | ROLL No. | S. No. | ROLL No. | S. No. | ROLL No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 100054 | 6. | 100213 | 11. | 100382 | 16. | 100519 |
| 2. | 100105 | 7. | 100242 | 12. | 100437 | 17. | 100537 |
| 3. | 100150 | 8. | 100244 | 13. | 100454 | | |
| 4. | 100187 | 9. | 100249 | 14. | 100461 | | |
| 5. | 100201 | 10. | 100304 | 15. | 100499 | | |

साक्षात्कार के लिए अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :-

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

**परिशिष्ट प्रपत्र-01**

| | |
|---|---|
| विज्ञापन क्रमांक :- 06/2023/13.03.2023 | पद/परीक्षा का नाम :- खनि अधिकारी परीक्षा-2023 |
| अनुक्रमांक- ............................. | अभ्यर्थी का नाम :- ............................. |

| स. क्र. | दस्तावेज का विवरण | संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक | संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 2. | उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 3. | उपस्थिति पत्रक-1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 4. | व्यक्तिगत विवरण पत्रक-1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है)। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 5. | अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 6. | घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी) 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 7. | हाई स्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 8. | हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 9. | स्नातक की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 09.06.2023 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है)। (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 10 | अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता :- भूविज्ञान (जियोलॉजी) में स्नातकोत्तर उपाधि या अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान (एप्लाईड जियोलॉजी) में एम.टेक उपाधि। (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 09.06.2023 तक जारी स्नातकोत्तर उपाधि एवं अंकसूचियां)। (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 11. | मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 12. | मूल निवासी /स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोलसील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 13. | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगें।) (म.प्र शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 14. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 15. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2023-2024 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 16. | महिला अभ्यर्थियों हेतु विवाहोपरांत उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 17. | म.प्र. शासन की सेवा में सेवारत शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 18. | मध्यप्रदेश शासन की सेवा में सेवारत होने की स्थिति में शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 19. | भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 09.06.2023 के पूर्व भूतपूर्व सैनिक होने संबंधी दस्तावेज की प्रति एवं सेवावधि का विवरण पत्रक की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 20. | अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र। (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र/ पैन कार्ड/फोटोयुक्त बैंक पासबुक की प्रति/शासकीय कर्मचारी होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 21. | यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण/न्यायालयीन प्रकरण दर्ज हो जिसका निराकरण लंबित हो या हो चुका हो तो उससे संबंधित दस्तावेज। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 22. | **आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) के आधार अभ्यर्थी 'अभिवचन" पत्र की पूर्ति कर आयोग कार्यालय में साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।** | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| 23. | अन्य कोई दस्तावेज जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है। | पृष्ठ क्रमांक ..... से ..... तक | ........... |
| | **कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में)** | | |

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :- ..........................**

05/ साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर दिनांक 14.11.2024 तक आयोग कार्यालय प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में, विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहें है, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

06/ आयोग की बैठक दिनांक 19.09.2024 के निर्णय क्रमांक-20 के निर्णयानुसार आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा/लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूर्ण किए जाने वाले समस्त प्रकरणों में लिखित परीक्षा में सम्मिलित होकर साक्षात्कार हेतु अर्ह घोषित किए गए केवल ऐसे आवेदक जिनके अभिलेख आयोग कार्यालय में विलम्ब से प्राप्त होते हैं एवं किसी कारणवश नहीं भेजे जाते हैं तो ऐसे आवेदकों से विलम्ब शुल्क के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख जमा करने हेतु निम्नानुसार राशि निर्धारित की गई है :-

आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की निर्धारित **अंतिम तिथि 14.11.2024 के पश्चात् कार्यालयीन दिवस/समय प्रातः 10:00 से सायं 06:00 बजे तक** निम्नानुसार विलंब शुल्क की नगद राशि एम.पी.टी.सी. 6 के माध्यम से आयोग की लेखा शाखा में जमा कराने के पश्चात अभिलेख जमा किए जा सकेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 01. | निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् कार्यालयीन 05 दिवस तक राशि रुपये 3,000/- (तीन हजार मात्र)। | दिनांक 18.11.2024 से 22.11.2024 तक |

(शेष अगले पृष्ठ पर)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
# इंदौर

क्रमांक : 10173/28/2024/चयन

इन्दौर, दिनांक : 24.10.2024

## पदनाम - बीमा चिकित्सा पदाधिकारी/सहायक शल्य चिकित्सक
## चयन सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक **38/2023 दिनांक 28.12.2023** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में **म.प्र. शासन, श्रम विभाग** के अंतर्गत विज्ञापित पद - **बीमा चिकित्सा पदाधिकारी/सहायक शल्य चिकित्सक** के **कुल-27 पद** (अनारक्षित-07, अ.जा. - 04, अ.ज.जा. -06, अ.पि.वर्ग - 07, ई.डब्ल्यू. एस.-03) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद - अनारक्षित-02, अ.जा. -01, अ.ज.जा.-02, अ.पि.वर्ग - 02, ई.डब्ल्यू. एस. - 01 (कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद - अस्थिबाधित-05 पद) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 19.09.2024 से 24.09.2024 तक** आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में म.प्र. शासन, श्रम विभाग से प्राप्त रिक्ति विवरण अनुसार आयोग द्वारा उक्त विज्ञापन क्रमांक 38/2023 दिनांक 28.12.2023 में ही उक्त विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार चयन परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। प्रचलित प्रावधानों के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात् घोषित किया जाएगा।

3. अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

**बीमा चिकित्सा पदाधिकारी/सहायक शल्य चिकित्सक (श्रम विभाग)**

**पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)**

| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल पदों की संख्या | 7 | 4 | 6 | 4 | 3 | **24** |
| इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद | 2 | 1 | 2 | 1 | 1 | |
| कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद | | | | | | 5 |

**मुख्य सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | | Seat | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16092 | NIDHI BIDOLYA | F | प्रावधिक | UNRF | UNR |
| 2. | 16159 | MANISH PARMAR | M | | SC | SC |
| 3. | 16165 | SOURABH DONGRE | M | प्रावधिक | SC | SC |
| 4. | 16327 | BRAJ BIHAREE SONI | M | | OBC | OBC |
| 5. | 16145 | SANGEETA OSWAL | F | प्रावधिक | UNRF | SC |
| 6. | 16260 | ISHIKA JAIN | F | | EWSF | EWS |
| 7. | 16321 | PRAGATI PATEL | F | | OBCF | OBC |
| 8. | 16024 | RAHUL SHARMA | M | प्रावधिक | UNRHO | UNR |
| 9. | 16322 | YOGESH PRASAD RATHORE | M | | OBC | OBC |
| 10. | 16263 | DIVYA DIXIT | F | | EWS | EWS |
| 11. | 16279 | BENAZIR ALAM | F | प्रावधिक | OBC | OBC |
| 12. | 16152 | SHRIKRISHAN PAWAK | M | | SC | SC |
| 13. | 16247 | ANURAG CHOUHAN | M | | ST | ST |
| 14. | 16266 | VIKRAM SINGH SENGAR | M | प्रावधिक | EWS | EWS |
| 15. | 16038 | DEEPAK PANCHOLI | M | प्रावधिक | UNRHO | UNR |
| 16. | 16171 | HIMANSHY RAI | F | | SCF | SC |
| 17. | 16222 | ASHISH KUMAR SINGH DHUR-WAY | M | | ST | ST |
| 18. | 16234 | PIYUSH DEVDA | M | प्रावधिक | ST | ST |
| 19. | 16221 | POOJA MARAVI | F | प्रावधिक | STF | ST |
| 20. | 16245 | AMARDEEP SOLANKI | M | प्रावधिक | ST | ST |
| 21. | 16218 | LAJMI UIKEY | F | | STF | ST |

**अनुपूरक सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16172 | HEMANT GHORE | M | | SC |
| 2. | 16258 | KULDEEP SINGH RATHOD | M | | EWS |
| 3. | 16259 | YOGESH KUMAR MISHRA | M | | EWS |
| 4. | 16275 | KULDEEP PATIDAR | M | प्रावधिक | OBC |
| 5. | 16297 | DEEKSHA MEENA | F | प्रावधिक | OBC |
| 6. | 16281 | RADHA GOYAL | F | | OBC |
| 7. | 16100 | SAGARIKA JAIN | F | प्रावधिक | UNR |
| 8. | 16369 | GARIMA CHOUDHARY | F | | OBC |
| 9. | 16174 | NAVEEN MATHUR | M | | SC |
| 10. | 16267 | RIYA JAIN | F | | EWS |
| 11. | 16189 | AISHWARYA RAI | F | प्रावधिक | SC |
| 12. | 16230 | RITESH PARTETI | M | प्रावधिक | ST |
| 13. | 16241 | SACHIN MANDLOI | M | | ST |
| 14. | 16229 | SHEETAL CHOUHAN | F | | ST |
| 15. | 16239 | SAPNA MANDLOI | F | | ST |

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हो। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया जाना प्रावधानित है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरे जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. कुल विज्ञापित पदों में से मुख्य भाग-87 प्रतिशत हेतु विज्ञापित कुल 24 पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु 05 पद (अस्थिबाधित-05 पद) विज्ञापित है परन्तु अस्थिबाधित दिव्यांग श्रेणी हेतु पर्याप्त/योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण अस्थिबाधित दिव्यांग के-03 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है, अतः कुल 03 पद दिव्यांगजन के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं।
5. घोषित चयन परिणाम मान. सर्वोच्च न्यायालय में लंबित एस.एल.पी. 8764/2023 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। इसी प्रकार ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों के चयन की अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

**(कीर्ति खुरासिया)**
**प्रभारी सचिव**
**म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर**

**G-18175/R-50206/2024**

**(पिछले पृष्ठ का शेष)**

| | | |
|---|---|---|
| 02. | निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् 10 कार्यालयीन दिवस तक (अर्थात् 06 से 10 दिवस तक) राशि रुपये 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र)। | दिनांक 25.11.2024 से 29.11.2024 तक |

उपरोक्तानुसार विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों के पश्चात् डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से आयोग को प्रेषित किए गए आवेदकों के अभिलेख प्राप्त होने पर आयोग की कोई जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण टीप :-**

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी खनि अधिकारी परीक्षा-2023 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते है तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें नियमानुसार मुख्य तथा प्रावधिक दोनों ही भागों में अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
3. खनि अधिकारी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
4. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणामस्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीद्वारी निरस्त की जा सकेगी।
6. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा एवं आयोग कार्यालय में रखी परीक्षा परिणाम की सूची ही प्रमाणिक मानी जाएगी।
7. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कोई तकनीकी त्रुटि / लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित, याचिका क्रमांक TRANSFER PETITION (C) No. 1120 OF 2023 Dated 02.09.2024, एवं माननीय उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक-5596/2024, 2108/2022 एवं समान अन्य याचिकाओं व माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक-एस.एल.पी. 12398/2023 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। उपरोक्त परीक्षा से संबंधित प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
9. आयोग की बैठक दिनांक 30.10.2023 में लिए गए निर्णय क्रमांक 31 के अनुसार खनि अधिकारी परीक्षा-2023 की अंतिम उत्तरकुंजी में विलोपित किए गए प्रश्नों के अंक परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को समान रूप से प्रदाय किए गए है अर्थात् प्रश्न पत्र के दोनों खण्ड "अ" एवं "ब" के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक की गणना हेतु निर्धारित पूर्णांक यथावत हैं।
10. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अभिलेख दिनांक 14.11.2024 तक निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :-

**प्रति,**
**सचिव,**
**मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, रेसीडेंसी एरिया, इंदौर**

अभ्यर्थी अपने अभिलेख के लिफाफे पर **खनि अधिकारी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार हेतु अभिलेख** अवश्य लिखें।

जी-18173/50205/2024

**उप परीक्षा नियंत्रक**

श्री कान्हा शिक्षा प्रचार एंव समाज समिति द्वारा संचालित

**श्री सिद्धी विनायक कॉलेज,महू**

राष्ट्रीय अध्यापक परिषद नई दिल्ली,उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
देवी अहिल्या वि.वि.इंदौर से संबद्धता प्राप्त।

**आवश्यकता**

विश्वविद्यालय परिनियम 28 के अन्तर्गत नियुक्ति

- प्रिन्सीपल/विभागाध्यक्ष 01 पद
- संकायपद (शिक्षा के परिप्रेक्ष्य) 01 पद
- शारीरिक शिक्षा 01 पद
- अकाउन्टेंट 02 पद
- केशियर 01 पद
- ऑफिस अटेन्डर 01 पद
- कम्प्यूटर ऑपरेटर/मार्गदर्शक 02 पद
- सुपर वाइजर 02 पद
- रात्रि चौकीदार 02 पद

आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने के 08 दिनों के भीतर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित भेजे,समस्त पदों हेतु योग्यता एन.सी.टी.ई.के मापदण्डो के अनुसार होना चाहिऐं साथ ही वेतनमान यू.जी.सी. एवं एन.सी.टी.ई. के नियमानुसार। आवेदन उपरोक्त पते अथवा मेल पर भेजे। **E-maill : sardarpatelgroupofcolleges@gmail.com**

**733,734/2 मण्डलेश्वर रोड़ ग्राम–कोदरिया,महू जिला इंदौर**
**संपर्क :– 95847 67000,98268 46868,95164 89208**

R-50202/2024

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न-उत्तर

# इतिहास

**प्र. 1 सल्तनतकाल में भू-राजस्व का सर्वोच्च ग्रामीण अधिकारी था?**
(अ) चौधरी (ब) रावत
(स) मलिक (द) पटवारी
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 2 निम्नलिखित में से कौन भूमि-उत्पाद कर को इंगित करता है?**
(1) खराज (2) खुम्स
(3) उश्र (4) मुक्ताई
(अ) केवल 1
(ब) केवल 2 एवं 4
(स) केवल 1,2 एवं 3
(द) केवल 1,3,एवं 4
**उत्तर- (द)**

**प्र. 3 निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने सर्वप्रथम शुद्ध अरबी टंका (सिक्का) चलाया था?**
(अ) अलाउद्दीन खिलजी
(ब) इल्तुतमिश
(स) बलबन
(द) कुतबुद्दीन ऐबक
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 4 'अलाई' दरवाजा का निर्माण किस सुल्तान ने करवाया था?**
(अ) इल्तुतमिश
(ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिलजी
(द) कुतबुद्दीन ऐबक
**उत्तर- (स)**

**प्र. 5 भारत का प्रथम मकबरा जो शुद्ध इस्लामी शैली में निर्मित हुआ था?**
(अ) हुमायूं का मकबरा
(ब) बलबन का मकबरा
(स) ऐबक का मकबरा
(द) अलाउद्दीन का मकबरा
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 6 निम्नलिखित में से कौन-सा विभाग शाही महल और सुल्तान की व्यक्तिगत सेवाओं का प्रबंध करता था?**
(अ) मुहतसिब
(ब) वकील-ए-दर
(स) बरीद-ए-मुमालिक
(द) काज़ी-उल-कुजात
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 7 जलालुद्दीन खिलजी द्वारा स्थापित निम्न में कौन-सा विभाग व्यय के कागजातों की देखभाल करता था?**
(अ) दीवान-ए-मुस्तखराज
(ब) दीवान-ए-वकुफ
(स) दीवान-ए-अमीरकोह
(द) दीवान-ए-रियासत
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 8 मांडू निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**
(अ) जीवाजी राव
(ब) रानी रूपमति
(स) अलाउद्दीन खां
(द) झलकारीबाई
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 9 जौनपुर नगर की स्थापना निम्नलिखित में किस शासक की स्मृति में की गई?**
(अ) फिरोजशाह तुगलक
(ब) गयासुद्दीन तुगलक
(स) हुसैनशाह शर्की
(द) मुहम्मद बिन तुगलक
**उत्तर- (द)**

**प्र. 10 शर्की सुल्तानों के शासनकाल में निम्न स्थानों में से किसे 'पूर्व का शिराज' कहा जाता है?**
(अ) आगरा (ब) दिल्ली
(स) जौनपुर (द) वाराणसी
**उत्तर- (स)**

**प्र. 11 निम्नलिखित में से किस शासक ने सर्वप्रथम अपने साम्राज्य में जजिया कर समाप्त किया था?**
(अ) जैनुल आबिदीन
(ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) हुसैन शाह शर्की
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 12 वह शासक जो कश्मीर के अकबर नाम से जाना जाता है?**
(अ) सिकंदर शाह
(ब) हुसैन शाह
(स) जैनुल आबिदीन
(द) फ़िरोज शाह
**उत्तर- (स)**

**प्र. 13 14वीं शताब्दी में बंगाल में स्वंतत्र साम्राज्य की स्थापना किसने की?**
(अ) अलाउद्दीन अली शाह
(ब) हुसैन शाह
(स) इलियास शाह
(द) सिंकदर शाह
**उत्तर- (स)**

**प्र. 14 श्रीकृष्ण विजय नामक ग्रंथ के रचयिता मालधर बसु किस शासक के संरक्षण में थे?**
(अ) कृतिवास (ब) नुसरत शाह
(स) हुसैन शाह (द) बारबक शाह
**उत्तर- (द)**

**प्र. 15 निम्नलिखित में किसने मालवा में स्वंतत्र साम्राज्य की स्थापना की?**
(अ) महमूद खिलजी
(ब) दिलावर खां
(स) होशंग शाह
(द) बारबक शाह
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 16 मालवा विजय की स्मृति में किस मेवाड़ शासक ने चित्तौड़ में विजय स्तंभ की स्थापना की?**
(अ) जयमल (ब) राणा कुंभा
(स) राणा सांगा (द) मालदेव
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 17 मालवा साम्राज्य की राजधानी कहां थी?**
(अ) मांडू (ब) उज्जैन
(स) होशंगाबाद (द) अहमदनगर
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 18 निम्नलिखित में से किस शासक ने नर्मदा नदी के तट पर होशंगाबाद नगर की स्थापना की थी?**
(अ) महमूद शाह
(ब) सिंकदर शाह
(स) दिलावर खां
(द) होशंगशाह
**उत्तर- (द)**

**प्र. 19 महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की मृत्यु कहां हुई थी?**
(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) प्रयागराज (द) जबलपुर
**उत्तर- (स)**

**प्र. 20 निम्नलिखित में से किस विद्वान ने रामायण का बांग्ला में अनुवाद किया है।**
(अ) मालधर बसु (ब) कृत्तिवास
(स) नुसरत शाह (द) जौनराज खां
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 21 विजय नगर का प्रसिद्ध हजारा मंदिर किसके शासनकाल में निर्मित हुआ था?**
(अ) कृष्णदेव राय
(ब) देवराय प्रथम
(स) देवराय द्वितीय
(द) हरिहर प्रथम
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 22 निम्नलिखित में से किसे आंध्रभोज भी कहा जाता है?**
(अ) कृष्णदेव राय
(ब) राजेन्द्र चोल
(स) देवराय द्वितीय
(द) कुली कुतुबशाह
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 23 प्रसिद्ध विजय नगर शासक कृष्णदेव राय के अधीन किस साहित्य का स्वर्णयुग था?**
(अ) कोंकणी (ब) मलयालम
(स) तमिल (द) तेलुगु
**उत्तर- (द)**

**प्र. 24 कृष्णदेव राय ने किस शहर की स्थापना की थी?**
(अ) वांरगल (ब) नागलपुर
(स) उदयगिरी (द) चन्द्रगिरि
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 25 सन् 1565 में कौन-सा प्रसिद्ध युद्ध हुआ था?**
(अ) पानीपत का प्रथम युद्ध
(ब) खानवा का युद्ध
(स) तालीकोट का युद्ध
(द) पानीपत का द्वितीय युद्ध
**उत्तर- (स)**

**प्र. 26 विजयनगर के किस शासक ने चीन के सम्राट के पास अपना राजदूत भेजा था?**
(अ) हरिहर प्रथम
(ब) बुक्का प्रथम
(स) कृष्णदेव राय
(द) सालुप नरसिंह
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 27 निम्नलिखित में से किस स्थान के खंडहर विजयनगर की प्राचीन राजधानी का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) आदमनगर (ब) हंपी
(स) बीजापुर (द) गोलकुंडा
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 28 वैदिक ग्रंथों के प्रसिद्ध भाष्यकार सायण निम्न में से किस काल में सक्रिय थे?**
(अ) चोल राजकाल
(ब) गुप्त राजकाल
(स) बहमनी साम्राज्य
(द) विजयनगर राजकाल
**उत्तर- (द)**

**प्र. 29 तालीकोटा का युद्ध लड़ा गया था?**
(अ) अकबर और मालवा के सुल्तान के बीच
(ब) विजयनगर और बहमनी राज्य के बीच
(स) विजयनगर, और बीजापुर अहमदनगर तथा गोलकुंडा
(द) शेरशाह और हुमायूं के बीच
**उत्तर- (स)**

**प्र. 30 निम्नलिखित में से किस शासक को दक्कन का नीरो भी कहा जाता है?**
(अ) फिरोज शाह बहमनी
(ब) हुमायूं शाह
(स) अहमद शाह बहमनी
(द) मोहम्मद शाह तृतीय
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 31 बहमनी साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?**
(अ) अहमद शाह बहमनी
(ब) हसन गंगू
(स) मोहम्मद शाह तृतीय
(द) फिरोज शाह बहमनी
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 32 बहमनी साम्राज्य की आरंभिक राजधानी कौन-सी थी?**
(अ) बीजापुर (ब) बीदर
(स) गुलबर्गा (द) दौलताबाद
**उत्तर- (स)**

**प्र. 33 शिवाजी के गुरु का नाम क्या था?**
(अ) रामदास (ब) तुकाराम
(स) वामन पंडित (द) गंगा भट्ट
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 34 शिवाजी के शासनकाल में विदेश मंत्री को कहा जाता था?**
(अ) सुमंत (ब) अमात्य
(स) सर-ए-नौबत (द) सचिव
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 35 मोडी लिपि का प्रयोग किसके विलेखों में किया जाता है?**
(अ) वोडेयोरों के
(ब) जमोरिनों के
(स) होयसलों के
(द) मराठों के
**उत्तर- (द)**

**प्र. 36 शिवाजी मुगलों द्वारा कहां कैद किए गए थे?**
(अ) ग्वालियर (ब) आगरा
(स) दिल्ली (द) कानपुर
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 37 सरंजामी प्रथा किससे संबंधित थी?**
(अ) मराठा-भू-राजस्व प्रथा
(ब) तालुकदारी प्रथा
(स) कुतुबशाही प्रशासन
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 38 निम्नलिखित मराठा महिलाओं में जिसने 1700 ई. से आगे मुगल साम्राज्य के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किया वह कौन थी?**
(अ) अहिल्याबाई
(ब) मुक्ताबाई
(स) ताराबाई
(द) रुक्मणीबाई
**उत्तर- (स)**

**प्र. 39 औरंगजेब की मृत्यु के समय मराठा नेतृत्व किसके हाथों में था?**
(अ) शंभाजी (ब) राजाराम
(स) जीजाबाई (द) ताराबाई
**उत्तर- (द)**

**प्र. 40 कथन (A) : राज्य के मामले में शिवाजी एक मंत्रिपरिषद से परामर्श लेते थे। कारण (R) : प्रत्येक मंत्री अपने विभाग का स्वतंत्र प्रभार रखता था।**
(अ) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(ब) A और R दोनों सही हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(स) A सही है, परंतु R गलत है।
(द) A गलत है, परंतु R सही है।
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 41 'अष्ट प्रधान' मंत्रिपरिषद किसके राज्य प्रबंध में सहायता करती थी?**
(अ) हर्षवर्धन (ब) समुद्रगुप्त
(स) शिवाजी (द) यशोवर्मन
**उत्तर- (स)**

**प्र. 42 शिवाजी के अष्ट प्रधान का जो सदस्य विदेशी मामलों की देख-रेख करता था वह था?**
(अ) पेशवा (ब) सचिव
(स) पंडित राव (द) सुमंत
**उत्तर- (द)**

**प्र. 43 निम्नलिखित में से कौन-से स्वंतत्रता सेनानी ने 1857 ई. के विद्रोह में भाग नहीं लिया था?**
(अ) तात्या टोपे
(ब) सआदत खां
(स) रणवीर प्रताप सिंह
(द) ठाकुर रणमत सिंह
**उत्तर- (स)**

**प्र. 44 1857 ई. के विद्रोह में मालवा क्षेत्र के किस वीर सैनिक की भूमिका उल्लेखनीय थी?**
(अ) तात्या भील
(ब) राजा शंकर शाह
(स) तात्या टोपे
(द) सआदत खां
**उत्तर- (द)**

**प्र. 45 तानसेन की समाधि मध्यप्रदेश के किस शहर में स्थापित है?**
(अ) झाबुआ (ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर (द) भोपाल
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 46 अंवतिबाई लोधी का विवाह किस रियासत के राजकुमार के साथ हुआ था?**
(अ) रामगढ़ रियासत
(ब) भोपाल रियासत
(स) नरसिंहगढ़ रियासत
(द) मालवा रियासत
**उत्तर- (अ)**

**प्र. 47 निम्नलिखित में से किस स्वंतत्रता सेनानी को साहित्यकार और सांसद के रूप में भी जाना जाता है?**
(अ) शंकरदयाल शर्मा
(ब) सेठ गोविंददास
(स) पं. रविशंकर शुक्ल
(द) भवानी प्रसाद मिश्र
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 48 शंकरदयाल शर्मा भारत के राष्ट्रपति क्रम में कौन-से स्थान पर थे?**
(अ) आठवें (ब) नौवें
(स) सातवें (द) दसवें
**उत्तर- (ब)**

**प्र. 49 झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का विवाह निम्नलिखित में से किस शासक के साथ हुआ था?**
(अ) मोरोपंत तांबे
(ब) गंगाधर राव
(स) रामचन्द्र पांडुरंग
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (ब)**

- इमरतलाल खरते
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं।)

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती-एकता दिवस : 31 अक्टूबर

# सरदार पटेल के प्रयासों का प्रमाण है एक भारत श्रेष्ठ भारत

किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे। सरदार वल्लभभाई पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व और देश की एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल ने हमेशा देश की एकता को सर्वोपरि माना था, उन्होंने भारत को खंड-खंड करने की अंग्रेजों की साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी कुशलता से आजादी के बाद देश का एकीकरण करते हुए अखंड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद कुशलता से करने वाले सरदार पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### कब से मनाया जा रहा है एकता दिवस?


हमारे देश के पहले गृह मंत्री और लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभभाई पटेल की इस बार 149वीं जयंती है। 2014 से हर वर्ष हम इस दिन को एकता दिवस के रूप में मना रहे हैं। सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय, राष्ट्र के प्रति कर्तव्यपरायणता और लौह इरादों का परिणाम है कि आज भारत आजादी के इतने वर्षों के बाद भी दुनिया के सामने सम्मान के साथ अड़िग और अखंड रूप में खड़ा है।

### क्या होता है इस दिन?

हाल के वर्षों में एकता दिवस को किसी राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस को भारत के इतिहास में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने के लिए देश की एकता की शपथ लेने, जन अभियान चलाने, मार्च पास्ट करने, रन फॉर यूनिटी, पोस्टर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और प्रदर्शनियों के रूप में चिह्नित किया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ देशभर में समारोह आयोजित किए जाते हैं। सरदार पटेल के मार्गदर्शन और सशक्त निश्चय के अंतर्गत कई राज्य संयुक्त रूप से बड़ी संस्थाओं में तब्दील होने के बाद भारतीय संघ में शामिल हुए थे। क्षेत्रवाद ने राष्ट्रवाद का मार्ग प्रशस्त किया था, क्योंकि उन्होंने लोगों से बड़ा सोचने और मजबूत बनने का आह्वान किया था। भारत का प्रत्येक हिस्सा आजादी के बाद के शुरुआती दिनों में सरदार पटेल द्वारा किए गए कार्य का महोत्सव एकता दिवस के दिन मनाता है।

### देश को एकता के सूत्र में पिरोने का किया काम

आजादी के बाद फूट डालो और राज करो की नीति अपनाने वाले अंग्रेज भारत को खंडित और छोटी-छोटी रियासतों में बांटते हुए छोड़कर गए थे। उस दौर में 550 से अधिक रियासतों को कुछ ही दिनों में एकता के सूत्र में पिरोकर भारत माता का



वर्तमान मानचित्र बनाने का एक विराट काम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था। सावधानीपूर्वक योजना बनाने, बातचीत, परामर्श और चतुराई से निपटाते हुए उन्होंने आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक सभी रियासतों का भारत में विलय कराया था। मातृभूमि के लिए उनका प्रेम, नेतृत्व क्षमता, सादगी, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, जमीन से जुड़े होने की प्रवृत्ति, उलझी हुई समस्याओं को हल करने के व्यावहारिक दृष्टिकोण, सांसारिक बुद्धिमत्ता, अनुशासन और कौशल क्षमता हमेशा प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

### विशाल भारत देश को एक किया


देश की स्वतंत्रता के पश्चात सरदार वल्लभभाई पटेल उप प्रधानमंत्री के साथ-साथ पहले गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री बने थे। सरदार पटेल ने कश्मीर से लक्षद्वीप तक फैले इस विशाल देश को एक करने में अविस्मरणीय योगदान दिया था। उन्होंने ओडिशा से 23, नागपुर से 38, काठियावाड़ से 250 तथा मुंबई, पंजाब जैसी 562 रियासतों को भारत में मिलाया था।

लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे। उन्हें भारत की आजादी की जानकारी कई दिनों बाद मिली थी। सरदार पटेल को उस दौर के माहौल में ऐसा लगता था कि लक्षद्वीप पर पाकिस्तान दावा कर सकता है, इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए उन्होंने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा था। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए थे, लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा था।

दो-तीन रियासतों को छोड़कर शेष भारतीय रियासतें 15 अगस्त, 1947 तक भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थीं, जो भारतीय इतिहास की एक बड़ी उपलब्धि थी। उसके बाद जूनागढ़ के नवाब के खिलाफ जब वहां की प्रजा ने विद्रोह कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चले गए और जूनागढ़ को भारत में मिला लिया गया। वहीं जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया था। कश्मीर विलय में भी सरदार पटेल का भरोसा दिखा। वीपी मेनन सरदार पटेल के भरोसेमंद अफसर थे, कश्मीर पर जब कबायली हमला हुआ तो वीपी मेनन को ही कश्मीर के हालात संभालने का जिम्मा दिया गया था, उसके बाद कुछ शर्तों के साथ कश्मीर भारत का अंग बन गया। निस्संदेह सरदार पटेल द्वारा यह 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्यजनक उदाहरण था। भारतीय रियासतों के भारतीय संघ में एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और रियासतों को भारतीय संघ के साथ जुड़ने के लिये राजी करने के लिए सरदार पटेल को 'लौह पुरुष' के रूप में जाना जाता है।

### सरदार पटेल का संक्षिप्त जीवन परिचय

31 अक्टूबर, 1875 को गुजरात के आणंद के पास स्थित करमसाद गांव के एक



साधारण भूस्वामी के यहां जन्मे बच्चे का नाम वल्लभभाई जवेरभाई पटेल रखा गया था। किसान परिवार में जन्मे पटेल अपनी कूटनीतिक क्षमताओं के लिए भी याद किए जाते हैं। सरदार पटेल को अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने में काफी वक्त लग गया था, उन्होंने 22 साल की उम्र में 10वीं की परीक्षा पास की थी। एक युवा वकील के रूप में अपनी कड़ी मेहनत के जरिए उन्होंने पर्याप्त पैसा बचाया ताकि वह इंग्लैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। आने वाले समय में वह एक निडर वकील के तौर पर बड़े हुए, जिसे जनहित के मुद्दों पर कड़े एवं निडर अधिवक्ता के रूप में जाना जाता था। उनके बारे में कहा जाता है कि 36 साल की उम्र में सरदार पटेल वकालत पढ़ने के लिए इंग्लैंड गए थे, उनके पास कॉलेज जाने का अनुभव नहीं था फिर भी 36 महीने के वकालत के कोर्स को उन्होंने महज 30 महीने में ही पूरा कर दिया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के पश्चात् भारत की एकजुटता के लिए पुरजोर तरीके से पूरी मज़बूती के साथ काम किया। जिससे एक नए राष्ट्र का उदय हुआ। देश की एकता की रक्षा करने के समक्ष कई चुनौतियां स्पष्ट रूप से मौजूद थीं। सरदार पटेल ने लाजवाब कौशल के साथ इन चुनौतियों का सामना करते हुए देश को एकता के सूत्र में बांधने के कार्य को पूरा किया और एकीकृत भारत के शिल्पकार बने। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन समेत कई मोर्चों पर सफल नेतृत्व किया था। उन्होंने शराब के सेवन, छुआछूत, जातिगत भेदभाव और महिला मुक्ति के लिये व्यापक पैमाने पर काम किया था। सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर, 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था।

### काम के प्रति अनोखा समर्पण

सरदार पटेल की पत्नी झावेर बा कैंसर से जूझ रही थीं, 1909 में मुंबई के एक अस्पताल में उनको भर्ती करवाया गया था। अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान ही झावेर बा का निधन हो गया, उस समय सरदार पटेल अदालती कार्यवाही में व्यस्त थे। कोर्ट में बहस चल रही थी, तभी एक व्यक्ति ने कागज में लिखकर उन्हें झावेर बा की मौत की खबर दी। सरदार पटेल ने वह संदेश पढ़कर चुपचाप अपने कोट की जेब में रख दिया और अदालत में जिरह जारी रखी और मुकदमा जीत गए। जब अदालती कार्यवाही समाप्त हुई तब उन्होंने अपनी पत्नी की मृत्यु की सूचना सबको दी थी।

### प्रमुख आंदोलन और सत्याग्रह में भूमिका

स्वतंत्रता आंदोलन में सरदार पटेल का पहला और बड़ा योगदान 1918 में खेड़ा संघर्ष में देखने को मिला था। चम्पारण के बाद 1918 में महात्मा गांधी ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ गुजरात के खेड़ा में सबसे बड़ा किसान आंदोलन चलाया था। इस आंदोलन की सबसे बड़ी उपलब्धि सरदार वल्लभभाई पटेल का राजनीति में आना रही। खेड़ा आंदोलन अंग्रेज सरकार से भारी कर में छूट के लिए, किसानों द्वारा किया गया था। इसमें अंततः उस वर्ष करों में राहत दी गई थी, यह सरदार पटेल की पहली सफलता थी। सरदार पटेल ने 1928 में हुए बारदोली सत्याग्रह में किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व भी किया था। उस समय प्रांतीय सरकार ने किसानों के लगान में तीस प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी थी। पटेल ने इस लगान वृद्धि का जमकर विरोध किया। इस आन्दोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि प्रदान की। सरदार की उपाधि के बारे में यह भी कहा जाता है कि गांधी जी ने भी वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। सरदार पटेल को गांधी जी की अहिंसा नीति ने प्रभावित किया था, इसलिये गांधी जी द्वारा किये गए सभी स्वतंत्रता आंदोलन जैसे- असहयोग आंदोलन, स्वराज आंदोलन, दांडी यात्रा, भारत छोड़ो आंदोलन जैसे सभी आंदोलनों में सरदार पटेल की भूमिका अहम थी।

### सरदार पटेल और एकता दिवस से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- एकता दिवस के दिन पूरा देश एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) और राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ लेता है।
- भारत सरकार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर भारत की एकता और अखंडता के क्षेत्र में योगदान के लिए सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शुरू किया है। यह अवॉर्ड 2019 से शुरू हुआ है। इस पुरस्कार का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने और एक मजबूत और अखण्ड भारत के मूल्य को सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय और प्रेरक योगदान के लिए सम्मानित करना है। इस पुरस्कार की घोषणा राष्ट्रीय एकता दिवस यानी 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर की जाती है।
- सरदार पटेल को आधुनिक अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना करने के लिए 'भारतीय सिविल सेवकों के संरक्षक संत' के रूप में भी जाना जाता है।
- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण सरदार वल्लभ भाई पटेल के सम्मान में किया गया है। यह सरदार सरोवर बांध से 3.5 किलोमीटर की दूरी पर एक खूबसूरत स्थान पर बनाई गई है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी गुजरात के केवडिया में स्थित है। यह विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है। इसकी ऊंचाई 182 मीटर है। इसमें 153 मीटर ऊंचाई पर एक दर्शक दीर्घा है, जिसमें 200 लोग बैठकर ये विहंगम दृश्य देख सकते हैं। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण सिर्फ 46 महीनों में पूरा किया गया है। इसमें 70 हजार मीट्रिक टन सीमेंट का उपयोग हुआ है, 6 हजार मीट्रिक टन स्ट्रक्चरल स्टील और 18 हजार 500 मीट्रिक टन रिएनफोर्समेंट बार का इस्तेमाल हुआ है। सरदार पटेल की 143वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2018 को इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। यह स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी से लगभग दोगुनी ऊंची है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार राम वी सुतार द्वारा डिजाइन किया गया है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, सम-सामयिकी विषयों पर लेखन करती हैं)

## विनोबा भावे सीएम राइज़ स्कूल रतलाम को इनोवेशन कैटेगरी में मिला प्रथम स्थान

**रतलाम,** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने विनोबा भावे सीएम राइज़ स्कूल रतलाम को लंदन की संस्था T-4 द्वारा इनोवेशन कैटेगरी में प्रथम स्थान पर घोषित किए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार की गुणवत्तापूर्ण और नवाचारी शिक्षा व्यवस्था के संकल्प की शानदार उपलब्धि बताया है।

श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आज सीएम राइज़ स्कूल को यह बड़ी उपलब्धि मिली है। हमारे शिक्षकों को इससे प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति हो तो सारी ऊंचाइयों को सुनियोजित और नवाचारी प्रयासों से पाया जा सकता है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह को भी धन्यवाद दिया है और आशा व्यक्त की है कि वे रतलाम के स्कूल के नवाचार को पूरे प्रदेश में एक मॉडल के रूप में आगे बढ़ाएंगे।

श्री काश्यप ने कहा है कि लंदन से मिला यह पुरस्कार रतलाम के साथ ही मध्यप्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि हमारे शासकीय स्कूल के शिक्षकों, पालकों और विद्यार्थियों ने मिलकर कीर्तिमान बनाया है। श्री काश्यप ने कहा कि यह उपलब्धि निश्चित ही प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों को प्रेरणा देगी।

## मुख्यमंत्री ने सीएम राइज़ स्कूल रतलाम को सम्मानित होने पर दी बधाई

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षा व्यवस्था में नवाचार की श्रेणी में रतलाम के विनोबा भावे सीएम राइज़ स्कूल को लंदन के T-4 एजुकेशन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार-2024 से सम्मानित किए जाने पर देश व प्रदेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के सीएम राइज़ स्कूल ने विश्व में भारतीय शिक्षा की पताका फहराई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि प्रदेश सरकार सदैव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान रचने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

उल्लेखनीय है कि लंदन के T-4 एजुकेशन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित ये पुरस्कार उन स्कूलों को दिया जाता है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सामुदायिक प्रभाव का प्रदर्शन किया है।




### भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल

**पद का नाम** - सिपाही (चालक)
**पदों की संख्या** - 545
**योग्यता** - मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन या 10वीं कक्षा उत्तीर्ण, वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस हो
**अंतिम तिथि** - 06 नवम्बर 2024
**वेबसाइट** - http://recruitment.itbpolice.nic.in

### हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड

**पद का नाम** - उप महाप्रबंधक, उप प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, प्रबंधन प्रशिक्षु
**पदों की संख्या** - 19
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 04 नवंबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.hindustancopper.com

### सैनिक स्कूल पुंगलवा

**पद का नाम** - पीजीटी गणित, प्रयोगशाला सहायक (रसायन विज्ञान), नर्सिंग सहायक
**पदों की संख्या** - 03
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 01 नवंबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.sainikschoolpunglwa.nic.in

### राजस्थान लोक सेवा आयोग

**पद का नाम** - बायोकेमिस्ट
**पदों की संख्या** - 13
**योग्यता** - बायोकेमेस्ट्री विषय में ए.एससी. (मेडिकल) की डिग्री होना अनिवार्य
**अंतिम तिथि** - 06 नवंबर 2024
**वेबसाइट** - https://rpsc.rajasthan.gov.in

### भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

**पद का नाम** - ग्रेजुएट, डिप्लोमा और आईटीआई अप्रेंटिस
**पदों की संख्या** - 135
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 31 अक्टूबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.aai.aero

### राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन

**पद का नाम** - सलाहकार (निगरानी एवं मूल्यांकन), सलाहकार (अनुसंधान एवं डाटा प्रबंधन), सलाहकार समन्वय, समन्वयक (ऊतक बैंक), सलाहकार (आईईसी, प्रकाशन और मीडिया)
**पदों की संख्या** - 05
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 02 नवंबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.notto.mohfw.gov.in

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

**पद का नाम** - असिस्टेंट प्रोफेसर
**पदों की संख्या** - 10
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 02 नवंबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.spm.du.ac.in

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, मंगलागिरी

**पद का नाम** - चिकित्सा अधिकारी (आयुष), मेडिकल फिजिसिस्ट (विकिरण चिकित्सा/ऑन्कोलॉजी), मेडिकल फिजिसिस्ट (नाभिकीय औषधि), नैदानिक मनोविज्ञानी, बाल मनोविज्ञानी, प्रोग्रामर, स्टोर कीपर, कनिष्ठ अभियंता, पुस्तकालय और सूचना सहायक, चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी ग्रेड-III, परफ्यूजनिस्ट, सहायक आहारविद, तकनीशियन (प्रयोगशाला), तकनीशियन (ओटी), एम्ब्रायोलॉजिस्ट, दंत तकनीशियन (हाइजीनिस्ट), नाभिकीय औषधि तकनीकिविद, चिकित्सा रिकॉर्ड तकनीशियन, अवर श्रेणी लिपिक, प्रयोगशाला परिचर ग्रेड-II, अस्पताल परिचर ग्रेड-II (नर्सिंग अर्दली), शवदाह परिचर, कार्यकारी सहायक (एनएस), निजी सहायक, स्टेनोग्राफर, पुस्तकालय परिचर ग्रेड-II
**पदों की संख्या** - 93
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 08 नवंबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.aiimsmangalagiri.edu.in

### टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान

**पद का नाम** - चिकित्सा अधिकारी, अंशकालिक मनोविज्ञानी, परियोजना नर्स, परियोजना वैज्ञानिक सहायक, परियोजना लिपिक
**पदों की संख्या** - 05
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 08 नवंबर 2024
**वेबसाइट** - https://recruitment.tifrh.res.in

### तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय

**पद का नाम** - प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, इन्फॉर्मेशन साइन्टिस्ट, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, लोअर डिवीजन क्लर्क, मल्टी टास्किंग स्टाफ, लाइब्रेरी अटेंडेंट, लेबोरेटरी अटेंडेंट, हॉस्टल अटेंडेंट
**पदों की संख्या** - 38
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 31 अक्टूबर 2024
**वेबसाइट** - https://cutn.ac.in

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली

**पद का नाम** - वरिष्ठ रेजीडेंट
**पदों की संख्या** - 146
**योग्यता** - चिकित्सा शिक्षा में एमडी/एमएस/डीएनबी की डिग्री तथा केंद्र या राज्य चिकित्सा आयोग में पंजीकरण होना आवश्यक
**अंतिम तिथि** - 02 नवम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://aiimsrbl.edu.in/recruitments

## स्कॉलरशिप अलर्ट

### दिव्यांग छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक और उच्च श्रेणी शिक्षा छात्रवृत्ति

**संस्थान का नाम** - सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
**योग्यता** - न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता और दिव्यांगता प्रमाण पत्र के साथ एक विशिष्ट दिव्यांगता पहचान (यूडीआईडी) या यूडीआईडी नामांकन संख्या वाले लोग आवेदन कर सकते हैं।
**अंतिम तिथि** - 31 अक्टूबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.depwd.gov.in

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)



हमारा जिला - रीवा

# कला, संस्कृति, वन और खनिज संपदा से समृद्ध है विंध्य क्षेत्र

मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज, जलवायु, खनिज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए है। ''रोज़गार और निर्माण'' के हमारा जिला स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आपको परिचित करवा रहे हैं। इस अंक में प्रस्तुत है रीवा जिले का परिचय -

रीवा जिला मध्यप्रदेश के रीवा संभाग में शामिल है। यह जिला मध्यप्रदेश के विंध्य पठार में बसा हुआ है। यहाँ टोंस एवं उसकी सहायक नदियां हैं। इसके उत्तर में उत्तरप्रदेश, पश्चिम में सतना जिला एवं पूर्व में मिर्जापुर तथा दक्षिण में सीधी जिला स्थित है। रीवा पहले एक बड़ी रियासत थी। जिले में गोंड एवं कोल जनजाति के लोग भी निवासरत हैं, जंगलों की अधिकता है और जंगली पशु पाये जाते हैं। रीवा के जंगलों में सफेद बाघ की प्रजाति है। जिले की प्रमुख उपज धान है।

रीवा रियासत की स्थापना लगभग 1400 ई. में बघेल राजपूतों द्वारा की गई थी। मुगल सम्राट अकबर द्वारा बांधवगढ़ नगर को ध्वस्त किए जाने के बाद रीवा स्थान बन गया और 1597 ई. में इसे रीवा रियासत की राजधानी के रूप में चुना गया।

## विशेष

### सुपारी के खिलौने

जिले का रीवा शहर सुपारी आर्ट के लिए जाना जाता है। यहां सुपारी से कई तरह के खिलौने बनाए जाते हैं। सुपारी सामान्यत: पूजा सामग्री और खाने के काम आती है। रीवा में सुपारी से विभिन्न वस्तुएं और खिलौने बनाए जाते हैं। सुपारियों से बने सुंदर और मनमोहक खिलौने देखकर देश-दुनिया के पर्यटक सभी आश्चर्य चकित हो जाते हैं। छोटी सी सुपारी को छील-छील कर उसका टेबललैंप और ताजमहल बनाया जाता है। सुपारी की यह हस्तकला कुंदेर परिवार में पुश्त दर पुश्त विकसित की गई है जो इनके कठिन श्रम और निरंतर अनुसंधान का परिणाम है। पहले इन परिवारों में लकड़ी के खिलौने बनाने का काम होता था। बाद में सुपारी पर प्रयोग करते हुए ये लोग सुपारी के खिलौने तैयार करने लगे।

### विद्युत-सोलर प्लांट गुढ़, रीवा

रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट रीवा जिले की गुढ़ तहसील में 1,590 एकड़ (6.4 वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र में स्थित है। परियोजना को जुलाई 2018 में 750 मेगावॉट क्षमता के साथ चालू किया गया था।

## पर्यटन स्थल

### 1. पियावन घिनौची धाम

घिनौची धाम, जिसे पियावन के नाम से जाना जाता है। यह ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थल है। यह रीवा जिले से 42 किलोमीटर दूर सिरमौर की बरदहा घाटी में स्थित है। प्रकृति की अनुपम छटा के बीच यह धाम धरती से 200 फीट नीचे और लगभग 800 फीट चौड़ी प्रकृति की सुरम्य वादियों से घिरा हुआ है। यहां प्राकृतिक झरने का श्वेत जल भगवान भोलेनाथ का 12 महीने निरंतर जलाभिषेक करता है। जिसे देखना रोमांचकारी है।

यहां धरती से 200 फीट नीचे दो अद्भुत जल प्रपातों का संगम है। जिसे जुलाई से सितंबर माह के मध्य देखा जा सकता है। साथ ही अति प्राचीन शिवलिंग और यहां पहाड़ियों में उकेरे गए प्राचीन शैल चित्र भी हैं। चट्टानों में उकेरे गए प्रागैतिहासिक शैल चित्र, जो इस क्षेत्र की गौरव गाथा भी बताते हैं। यहां दो अद्भुत सर्पिलाकार चट्टानें अपने आप में अद्भुत हैं। इसके आलावा यहां मां पार्वती की साक्षात दिव्य प्रतिमा भी है।

### 2. पुरवा जलप्रपात

पुरवा जलप्रपात 200 फीट ऊंचा लगभग 67 मीटर ऊंचा प्रपात है। यह जलप्रपात तीव्र है और यहां बड़ी मात्रा में पानी गिरता है। यह प्रपात रीवा पठार की चट्टानों से उतरते हुए टोंस नदी पर स्थित है।

### 3. सफेद बाघ की सफारी

सफेद बाघ को महाराजा मार्तंड सिंह ने 27 मई, 1951 को सीधी जिले के बरगाढ़ी



क्षेत्र से पकड़ा था। और बाद में इसे रीवा के गोविंदगढ़ पैलेस में लाया गया, जहाँ से वह अगले दिन भाग गया और फिर रीवा से लगभग 27 किलोमीटर दूर मुकुंदपुर क्षेत्र में पाया गया। रीवा जिले के निकट महाराजा मार्तंड सिंह बघेल व्हाइट टाइगर सफारी एवं चिड़ियाघर मुकुंदपुर का निर्माण किया गया है जहां सफेद शेरों को संरक्षण दिया जा रहा है।

### 4. बहुती जलप्रपात

बहुती मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा झरना है। यह सेलर नदी पर है, यह मौहगंज की घाटी के किनारे से निकलकर बीहर नदी में मिलती है, जो टमस या टोंस नदी की सहायक नदी है। यह चचाई जलप्रपात के पास है। इसकी ऊंचाई 198 मीटर (650 फीट) है।

### 5. रानी तालाब

रानी तालाब रीवा के सबसे पुराने जल स्रोतों में से है। रानी तालाब शहर के दक्षिणी भाग में स्थित है और इसे पवित्र माना जाता है। कुएं के पानी का उपयोग कई उद्देश्यों जैसे कि खेती, सिंचाई और मत्स्य पालन के लिए किया जाता है। झील के पश्चिम में देवी काली का एक मंदिर स्थित है।

### 6. देउर कोठार

यह पुरातात्विक स्थल प्राचीन बौद्ध स्तूपों के लिए विख्यात है। वर्ष 1982 में खोजे गए यह स्तूप लगभग दो हजार साल पुराने और अशोक के शासनकाल से संबंधित बताए जाते हैं। यहां मिट्टी की ईंटों से बने तीन बड़े स्तूप और 46 विभिन्न पत्थरों के छोटे स्तूप हैं। देउर कोठार में पाँच हजार साल पुरानी चट्टानी गुफाएँ भी हैं। अशोक के काल में विंध्य क्षेत्र में बौद्ध धर्म के प्रसार के प्रयास के रूप में, भगवान बुद्ध के अवशेषों को इन स्तूपों को बनाने के लिए वितरित किया गया था। देउर कोठार पर्यटन स्थलों में से एक पुरातात्विक स्थल है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने इस स्थान के पाए जाने के बाद यहां स्तूप का निर्माण किया है।

### 7. चचाई जलप्रपात

चचाई जलप्रपात रीवा, मध्यप्रदेश के पास बीहड़ नदी पर 130 मीटर से अधिक ऊँचाई पर स्थित है, यह झरना मध्यप्रदेश के दूसरे सबसे ऊंचे झरनों में से है और भारत में सबसे अधिक एकल-बूंद वाले झरनों में गिना जाता है। इस नदी में एक निर्माण किया गया है, जो बीहड़ नदी के पानी को दो हिस्सों में बांटता है, एक तोना पनबिजली संयंत्र में विद्युत उत्पादन के लिए और दूसरा पास के गांवों में सिंचाई के लिए।

**एक नजर में**

**क्षेत्रफल** : 6240 वर्ग कि.मी.
**भाषा** : हिन्दी, बघेली
**गांव** : 2817
**जनसंख्या** : 23,54,220
(वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार)
**पुरुष** : 13,83,689 **महिला** : 12,77,500

### 8. क्योटी जलप्रपात

रीवा में स्थित क्योटी झरना देश का 24वां सबसे ऊंचा झरना है, यह लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

### रीवा का किला

यह रीवा का मुख्य पर्यटक आकर्षण है। किले के पीछे दो नदियाँ हैं जो इसे प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करती हैं। किले का मुख्य द्वार भारतीय वास्तुकला का एक अच्छा उदाहरण है। इसमें एक रेस्तरां और एक संग्रहालय भी है। यहां घूमने के लिए मुख्य



स्थल हैं, कैनन, शाही चांदी का सिंहासन, संग्रहालय हॉल का झूमर, हथियार गैलरी और सफेद बाघ गैलरी।

### गोविन्दगढ़ पैलेस और तालाब

महाराजा रीवा की ग्रीष्मकालीन राजधानी गोविंदगढ़ रीवा से लगभग 18 किलोमीटर दूर है। रीवा, लगभग 13 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र के साथ, बघेलखंड में सबसे बड़ी रियासत थी और मध्य भारत में दूसरी सबसे बड़ी रियासत थी। बघेलखंड के लिए ब्रिटिश राजनीतिक एजेंट सतना में रहते थे। बघेलखंड एजेंसी को 1933 में भंग कर दिया गया और रीवा को इंदौर रेजीडेंसी के अधिकार में रखा गया।

### गोविंदगढ़

गोविंदगढ़ को रीवा के राजा की ग्रीष्मकालीन राजधानी माना जाता था जो



रीवा शहर से लगभग 13 किलोमीटर दूर है। सुंदरजा आमों के लिए प्रसिद्ध, गोविंदगढ़ को मिनी वृंदावन के रूप में भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र का लगभग एक तिहाई भाग घने जंगलों से ढंका हुआ था, अब यहां लकड़ी और अन्य पेड़ों की विभिन्न प्रजातियां हैं। इस जगह पर चौड़ी मंदिर, राम गोविंद मंदिर, हनुमान मंदिर जैसे कई मंदिर हैं। इसके अलावा, पंचमुखी मंदिर और शिव मंदिर गोविंदगढ़ किले में एक दूसरे के निकट हैं।

रीवा किला रीवा शहर में ही है। इसमें बहुत सारे पुराने मंदिर हैं। किले के अंदर एक रेस्तरां है। यहाँ से नदी दिखाई देती है। संग्रहालय में पालकी, चित्रों, छोटी कलम बंदूक और अन्य सभी प्राचीन संग्रह हैं।

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

खेल चर्चा

## भारत में आयोजित होगी एशियाई महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली,** भारत पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। यह टूर्नामेंट इस वर्ष एक से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। पहले यह टूर्नामेंट कजाखस्तान के अल्माटी में आयोजित होना था, लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों की वजह से आयोजन स्थल में बदलाव किया गया है। इस टूर्नामेंट में मेजबान भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, कजाखस्तान, चीन, जापान, हांगकांग और सिंगापुर भी भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में शीर्ष-4 में रहने वाली टीमें सीधे वैश्विक प्रतियोगिता विश्व महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारत आठवीं बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहा है।

आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप

# न्यूजीलैंड पहली बार बना चैम्पियन

**दुबई,** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की नई चैम्पियन बन गई है। दुबई में खेले गए आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के फाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में 32 रन से हराया। न्यूजीलैंड की टीम तीसरी बार आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार खिताब जीतने में सफल रही।

फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका ने इस निर्णय को सही साबित किया और न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (9) को आउट कर अपनी टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। इसके बाद सूजी बेट्स और एमिलिया केर ने पारी को संभाला। बेट्स ने 32 रन बनाए जबकि केर ने 43 रन की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद ब्रूक हेलीडे (38) और मेडी ग्रीन (12) ने पारी को आगे बढ़ाया। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 158 रन ही बना सकी।

जीत के लिए मिले 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम को कप्तान लॉरा वोल्वार्ट और तन्जिम ब्रिट्स ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 35 गेंदों में 51 रनों की साझेदारी की। एक समय लग रहा था कि दक्षिण अफ्रीकी टीम यह मैच आसानी से जीत लेगी, लेकिन 8 रन के अंतराल में ये दोनों बल्लेबाज पवेलियन लौट गईं, जिसकी वजह से दक्षिण अफ्रीकी टीम संकट में आ गई। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकी। दक्षिण अफ्रीकी टीम निर्धारित 20 ओवरों में 126 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए एमिलिया केर और रोसमेरी मायर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए, जबकि एडेन कार्सन, फ्रेन जोनास और ब्रूक हेलीडे ने 1-1 विकेट अपने नाम किए।




### आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में हरमनप्रीत कौर को मिली जगह

आईसीसी ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा कर दी है। इस टीम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को जगह मिली है। टूर्नामेंट में भले ही भारतीय टीम अंतिम चार में जगह बनाने में सफल नहीं हो पाई, लेकिन हरमनप्रीत का प्रदर्शन शानदार रहा। हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट में चार मैचों में 133.92 के स्ट्राइक रेट से 150 रन बनाये हैं। टीम में हरमनप्रीत कौर के अलावा लॉरा वोल्वार्ट, तन्जिम ब्रिट्स, नोनुलुलेको म्लाबा, डेनी व्याट हॉज, रोसमेरी मायर, एमिलिया केर, डियांड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, निगार सुल्ताना और मेगन शट को जगह मिली है।

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कोच को किया निलंबित

**ढाका,** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा को अनुचित आचरण करने के कारण निलंबित कर दिया है। हथुरुसिंघा ने पिछले वर्ष खेले गए आईसीसी वन-डे विश्वकप के दौरान एक खिलाड़ी को थप्पड़ मारा था। बोर्ड ने मामले की जांच के बाद हथुरुसिंघा को निलंबित किया है। उनका कार्यकाल अगले वर्ष आयोजित होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी तक के लिए था, लेकिन भारत दौरे के साथ ही उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। माना जा रहा है कि भारत दौरे पर टेस्ट और टी-20 सीरीज में टीम को मिली करारी हार भी हथुरुसिंघा को हटाने की वजह हो सकती है।

## चार्ल्स लेक्लर्क ने जीती यूएस ग्रां प्री रेस

**ऑस्टिन,** मोनाको के दिग्गज कार रेसर चार्ल्स लेक्लर्क ने यूएस ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस जीत ली है। फेरारी टीम के लिए रेसिंग करने वाले लेक्लर्क ने 56 लैप की इस रेस को एक घंटा 35 मिनट और 9.639 सेकंड में पूरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। लेक्लर्क के टीम साथी कार्लोस सेंज रेस में दूसरे स्थान पर रहे। मैक्स वर्स्टपेन ने तीसरे, लैंडो नॉरिस ने चौथे तथा ऑस्कर पिएस्ट्री ने पांचवां स्थान हासिल किया। चार्ल्स लेक्लर्क के लिए मौजूदा फॉर्मूला-वन सत्र बेहद सफल रहा है। लेक्लर्क ने इस सत्र में तीन रेस जीती हैं।

# न्यूजीलैंड ने भारत में 36 वर्ष बाद जीता टेस्ट मैच



**बेंगलुरु,** न्यूजीलैंड ने 36 वर्ष बाद भारतीय सरजमीं पर टेस्ट मैच जीतने में सफलता प्राप्त की है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हराया। मैच में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाजी के लिए मुफीद पिच पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, जो भारत की हार की वजह बना। पहली पारी में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज महज 46 रन के स्कोर पर ढेर हो गए। इसके बाद न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र की 134 रनों की शानदार शतकीय पारी तथा डेवोन कॉन्वे (91) तथा टिम साउथी (65) की दमदार पारी के दम पर पहली पारी में 402 रन बनाये।

पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में पलटवार किया। युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने 150 रन की बेहतरीन पारी खेलकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। रोहित शर्मा (52), विराट कोहली (70), ऋषभ पंत (99) ने सरफराज का बखूबी साथ दिया, जिसकी बदौलत भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाये और न्यूजीलैंड को 107 रनों का लक्ष्य दिया।

न्यूजीलैंड ने 27.4 ओवरों में 2 विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## अर्जुन ने जीता डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स खिताब

**लंदन,** भारतीय ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स टाइटल अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में अर्जुन ने फ्रांस के मैक्सिम वेचियर लाग्रेव को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार लय में नजर आ रहे अर्जुन ने दो ड्रॉ मुकाबलों के बाद आर्मगेडन गेम में लाग्रेव को मात दी।

## दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच बने हेमांग बदानी

**दिल्ली,** आईपीएल फ्रैंचाइज टीम दिल्ली कैपिटल्स ने अपने कोचिंग स्टाफ को पूरी तरह बदल दिया है। दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को टीम का मुख्य कोच बनाया है, वहीं वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया है। भारत के लिए 4 टेस्ट मैच और 40 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले बदानी को रिकी पोंटिंग की जगह मुख्य कोच बनाया गया है।

# आशालता ने फुटबॉल में अंतर्राष्ट्रीय मैचों का पूरा किया शतक

**काठमांडू,** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान आशालता देवी ने फुटबॉल में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 31 वर्षीय आशालता देवी 100 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन गई हैं। आशालता देवी ने यह उपलब्धि सैफ महिला चैम्पियनशिप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की।

आशालता देवी ने 13 वर्ष की आयु में फुटबॉल खेलना शुरू किया था। वर्ष 2011 में उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में बतौर डिफेंडर अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में भारत के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल वर्ष 2014 में मालदीव के खिलाफ किया था। वह चार बार सैफ चैम्पियनशिप जीतने वाली भारतीय महिला फुटबॉल टीम की सदस्य रही हैं।

### थॉमस टुचेल बने इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर

**लंदन,** इंग्लैंड फुटबॉल एसोसिएशन ने जर्मनी के पूर्व फुटबॉलर थॉमस टुचेल को राष्ट्रीय टीम का मैनेजर (मुख्य कोच) नियुक्त किया है। वह एक जनवरी 2025 से पद संभालेंगे। 51 वर्षीय टुचेल ने इंग्लैंड टीम के साथ 18 महीने का करार किया है। उनका कार्यकाल फीफा फुटबॉल विश्वकप 2026 तक के लिए होगा। वह इंग्लिश फुटबॉल टीम के तीसरे नॉन ब्रिटिश मैनेजर हैं। टुचेल के मार्गदर्शन में चेल्सी क्लब ने वर्ष 2021 में चैम्पियंस लीग का खिताब जीता था। टुचेल के साथ एंथोनी बैरी को टीम का असिस्टेंट मैनेजर नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि यूएफा यूरो कप फाइनल में स्पेन के हाथों मिली हार के बाद इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर गैरेथ साउथगेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

आईसीसी हॉल ऑफ फेम

# भारत की नीतू डेविड को मिली जगह

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड (आईसीसी) ने भारत की पूर्व महिला क्रिकेटर नीतू डेविड को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। नीतू आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाली भारत की दूसरी महिला क्रिकेटर हैं, उनसे पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी यह सम्मान हासिल कर चुकी हैं। नीतू वर्तमान में बीसीसीआई की महिला चयन समिति की चेयरपर्सन हैं।

बाएं हाथ की स्पिनर रह चुकीं नीतू डेविड ने भारत के लिए 10 टेस्ट और 97 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। नीतू ने वर्ष 2005 में भारत को आईसीसी महिला वन-डे विश्वकप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सौ विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। उन्होंने महिला वन-डे क्रिकेट में 141 विकेट लिए हैं। नीतू ने वर्ष 1995 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए कानपुर टेस्ट मैच में 53 रन देकर 8 विकेट लिए जो महिला टेस्ट क्रिकेट में एक पारी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत गेंदबाजी प्रदर्शन है। नीतू ने वर्ष 2006 में क्रिकेट से संन्यास लिया था।




- **अब तक 12 भारतीय खिलाड़ियों को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है।**
- **इनमें 10 पुरुष और 2 महिला क्रिकेटर शामिल हैं।**
- **नीतू डेविड से पहले डायना एडुल्जी हॉल ऑफ फेम में जगह बना चुकी हैं।**

### डिविलियर्स और कुक भी हुए शामिल

आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के एलिस्टर कुक को भी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। डिविलियर्स क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक हैं। मैदान के हर कोने में शॉट लगाने के लिए उन्हें मिस्टर 360 भी कहा जाता है। उन्होंने टेस्ट और वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 50 से ज्यादा की औसत से रन बनाए हैं। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 161 टेस्ट मैचों में 12472 रन बनाये हैं, इनमें 33 शतक भी शामिल हैं।

आईसीसी ने कहा कि वह इन तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित करके खुश है। आईसीसी ने कहा कि नीतू डेविड भारतीय क्रिकेट की लीजेंड हैं। उन्होंने महिला क्रिकेट को नई राह दिखाई है।

डेनमार्क ओपन

# एंडर्स एंटोनसेन बने चैम्पियन

**ओडेंसे,** डेनमार्क के अनुभवी शटलर एंडर्स एंटोनसेन ने डेनमार्क ओपन का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में एंटोनसेन ने जापान के कोकी वातानबे को सीधे गेमों में 21-15, 21-16 से हराया।

फाइनल मुकाबले की शुरुआत से ही एंटोनसेन ने अपना दबदबा बनाया और लगातार अंक बटोरकर वातानबे को दबाव में ला दिया। पहला गेम पूरी तरह एंटोनसेन के नाम रहा। दूसरे गेम में वातानबे ने शानदार खेल दिखाया और पलटवार करने की कोशिश की, लेकिन एंटोनसेन एक बार फिर वापसी करने में सफल रहे। एंटोनसेन ने दूसरा गेम 21-16 से जीत कर खिताब पर कब्जा सुनिश्चित कर लिया।

**महिला वर्ग में वांग झी यी बनीं विजेता**

डेनमार्क ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब चीन की युवा खिलाड़ी वांग झी यी ने अपने नाम किया। झी यी ने पहली बार यह खिताब जीता है। स्पर्धा के फाइनल में झी यी ने दक्षिण कोरिया की शटलर और आन से यंग को एकतरफा मुकाबले में 21-10, 21-12 से हराया।




- **एंडर्स एंटोनसेन ने दूसरी बार जीता है यह खिताब।**
- **एंटोनसेन वर्ष 2020 में भी बन चुके हैं डेनमार्क ओपन के चैम्पियन।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# मालदीव में भारत का यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम अपनाया जाएगा



• मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कैबिनेट की सिफारिश पर भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को शुरू करने का फैसला लिया है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में यूपीआई को शुरू करने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। मुइज्जू के फैसले की जानकारी देते हुए मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस फैसले से देश की अर्थव्यवस्था में बेहतरी आने की उम्मीद है। इससे फाइनेंशियल इन्क्लूजन बढ़ने, वित्तीय लेनदेन में दक्षता और डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास होने की उम्मीद है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में यूपीआई शुरू करने के लिए एक कंसोर्टियम (संघ) गठित किए जाने की योजना की घोषणा भी की है। उन्होंने मालदीव के विभिन्न बैंकों, दूरसंचार कंपनियों, राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों और फिनटेक कंपनियों को भी इस कंसोर्टियम में शामिल किए जाने का सुझाव दिया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने ट्रेडनेट मालदीव को कंसोर्टियम की लीडिंग एजेंसी के तौर पर नियुक्त किया है।

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हुए शामिल

# ब्रिक्स को कृषि, आपूर्ति श्रृंखलाओं, ई-कॉमर्स, लघु और मध्यम उद्योगों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी रूस की अध्यक्षता में संपन्न 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सम्मिलित हुए। कजान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स नेताओं से बहुपक्षवाद को मजबूत करने, आतंकवाद का मुकाबला करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने सहित कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान सभी ब्रिक्स देशों के नेताओं ने 13 नए ब्रिक्स भागीदार देशों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दो सत्रों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया संघर्ष, जलवायु के प्रतिकूल प्रभाव और साइबर खतरों सहित कई अनिश्चितताओं और चुनौतियों से गुजर रही है। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि यह समूह इन चुनौतियों से निपटने के लिए जन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने आतंकवाद से निपटने के लिए, संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर एक व्यापक संधि को जल्द अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।




*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपनी बात रखते हुए*

### ब्रिक्स स्टॉर्टअप फोरम इस वर्ष लॉन्च किया जाएगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए स्वरूप में ब्रिक्स 30 ट्रिलियन डॉलर से भी ज्यादा बड़ी इकोनॉमी है। हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ाने में ब्रिक्स बिज़नेस काउंसिल और ब्रिक्स वीमेन बिज़नेस अलायन्स की विशेष भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष ब्रिक्स के अंदर डब्ल्यूटीओ रिफॉर्म्स, ट्रेड फेलिसिटेशन इन एग्रीकल्चर, ई-कॉमर्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन को लेकर जो सहमति बनी है उससे हमारे आर्थिक सहयोग को बल मिलेगा। इन सब पहलों के बीच हमें छोटे और मध्यम उद्योगों के हितों पर भी फोकस करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि वर्ष 2021 में भारत की अध्यक्षता के दौरान प्रस्तावित ब्रिक्स स्टॉर्टअप फोरम इस वर्ष लॉन्च किया जाएगा।

### ब्रिक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी

- वर्ष 2001 में ब्रिटिश अर्थशास्त्री जिम ओनील ने ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन की चार उभरती अर्थव्यवस्थाओं का वर्णन करने के लिये BRIC शब्द गढ़ा।
- वर्ष 2006 में BRIC विदेश मंत्रियों की पहली बैठक के दौरान इस समूह को औपचारिक रूप दिया गया था।
- दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को BRIC में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया था।
- वर्ष 2023 में जोहान्सबर्ग में अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को 1 जनवरी 2024 से पूर्ण सदस्य बनने के लिये आमंत्रित किया गया था।
- ब्रिक्स विश्व के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों को एक साथ लाता है जो वैश्विक आबादी का 41 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत तथा वैश्विक व्यापार का 16 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं।

## राष्ट्रपति चुनाव शुरू होने तक हर दिन 10 लाख डॉलर देंगे एलन मस्क



दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने एक हैरान कर देने वाला 'उपहार कार्यक्रम' शुरू किया। इसके तहत वह पांच नवंबर यानी राष्ट्रपति चुनाव शुरू होने तक हर दिन किसी एक व्यक्ति को 10 लाख डॉलर देंगे। हालांकि, उपहार लेने वाले शख्स को बदले में गन कल्चर को लेकर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करना होगा और चुनाव होने तक उनके लिए एक प्रवक्ता की भूमिका निभानी होगी।

एलन मस्क ने इस घोषणा के साथ ही भीड़ से एक व्यक्ति को स्टेज पर बुलाया। इसके बाद उस ने पिटीशन पर हस्ताक्षर किए और एलन मस्क ने उसे 10 लाख डॉलर का चेक सौंपा। उपहार हासिल करने वाले शख्स की पहचान जॉन ड्रेहर के रूप में हुई है। यह देख वहां मौजूद लोग हैरान रह गए और सीटियां-तालियां बजाने लगे।

पीएसी पिटीशन एक हस्ताक्षर अभियान है। इसके तहत दो मांगें की गई हैं। पहली, अभिव्यक्ति की आजादी बनी रहे। दूसरी, बंदूक रखने के अधिकार पर हस्तक्षेप न किया जाए। हस्ताक्षर करने वाले को लिखना होगा कि वह इन दोनों मांगों को अपना समर्थन देने का वचन दे रहा है। विशेषज्ञों ने कहा, एलन मस्क के इस अभियान से गन कल्चर को बढ़ावा मिलेगा। बंदूकों पर पाबंदी को लेकर उठ रही मांग कमजोर पड़ेगी।

टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने पेंसिल्वेनिया के हैरिसबर्ग में एक टाउनहॉल कार्यक्रम में इस उपहार कार्यक्रम की घोषणा की। एलन मस्क ने कहा, मैं चाहता हूं कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान का हिस्सा बनें और 10 लाख डॉलर पाने के लिए किस्मत आजमाएं।

### शपथ समारोह में पहुंचे 40 से अधिक देशों के नेता

## पूर्व रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो बने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति

इंडोनेशिया को नया राष्ट्रपति मिल गया है। प्रबोवो सुबियांतो ने आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे अधिक मुस्लिम बहुल राष्ट्र के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। 73 साल के पूर्व रक्षा मंत्री सुबियांतो ने सांसदों और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में शपथ ली। इसके बाद हजारों समर्थकों ने सड़कों पर खुशी मनाई। जकार्ता में आयोजित समारोह में हिस्सा लेने के लिए ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, सऊदी अरब, रूस, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिणी पूर्व एशियाई देशों समेत 40 से अधिक देशों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे।



# यूक्रेन को अपने 49 पुराने एम1ए1 अब्राम्स टैंक देगा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया अपने 49 पुराने एम1ए1 अब्राम्स टैंक यूक्रेन को देगा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने यह जानकारी दी। यूक्रेन ने यह टैंक उसे दिए जाने का कुछ महीने पहले अनुरोध किया था। मार्लेस ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया सरकार यूक्रेन को अपने अधिकतर अमेरिका निर्मित एम1ए1 टैंक दे रही है, जिनकी कीमत 24 करोड़ 50 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (16 करोड़ 30 लाख अमेरिकी डॉलर) है। ऑस्ट्रेलिया में इनका स्थान अगली पीढ़ी के एम1 एक2 टैंकों का बेड़ा लेगा।

मार्लेस ने फरवरी में कहा था कि यूक्रेन को पुराने हो चुके टैंक देना उनकी सरकार के एजेंडे में नहीं है, लेकिन अब उन्होंने कहा कि वे इस मदद को अपनी सरकार के पिछले रुख से पीछे हटने के रूप में नहीं देखते। मार्लेस ने 'आस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन' से कहा, 'हम यूक्रेन सरकार से इस मामले में लगातार बात कर रहे हैं कि हम उन्हें किस तरह से सर्वश्रेष्ठ सहायता दे सकते हैं।



उन्होंने कहा 'हम अपने पास मौजूद सामग्री की समीक्षा करते हैं, हम इसकी प्रभावशीलता, इसकी स्थिति पर गौर करते हैं और हम यह समीक्षा करते हैं कि क्या यह कोई अंतर ला पाएगी, क्या इसे बरकरार रखा जा सकता है और क्या युद्ध में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है और अब्राम्स टैंक इन सभी मानदंडों पर खरे उतरते हैं।'

ऑस्ट्रेलिया में यूक्रेन के राजदूत वासिल मायरोशनिचेंको ने विपक्षी सांसदों की ओर से की गई इस आलोचना पर कोई टिप्पणी नहीं की कि टैंकों को पहले ही दान कर दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'यह समय पर की गई, बहुत ही महत्वपूर्ण और उद्देश्य के लिए बहुत ही उपयुक्त घोषणा है। हम सरकार की ओर से लिए गए निर्णय का सम्मान करते हैं। यह आसान नहीं था और मुझे बहुत खुशी है कि सकारात्मक फैसला किया गया।

# सामयिकी

### लुफ्थांसा एयरलाइन पर 40 लाख डॉलर का जुर्माना




जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा पर मई 2022 में फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर 128 यहूदी यात्रियों के साथ कथित भेदभाव करने के मामले में 40 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने यह जुर्माना भरने पर सहमति जता दी है। अमेरिकी परिवहन विभाग ने यह जानकारी देते हुए कहा कि लुफ्थांसा एयरलाइन के कर्मचारियों ने पारंपरिक रूढ़िवादी यहूदी पोशाक पहने 128 यात्रियों में से कुछ के द्वारा कथित दुर्व्यवहार किए जाने के कारण उन्हें कनेक्टिंग फ्लाइट में चढ़ने से रोक दिया था।

### ईरान के तेल क्षेत्रों पर हमला करे इजराइल : लैपिड

इजराइल की संसद में विपक्षी नेता यायर लैपिड ने सरकार से जवाबी हमले में ईरान की अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए उसके तेल क्षेत्रों को निशाना बनाने की अपील की है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन से कहा कि वह तेल या परमाणु प्रतिष्ठानों की बजाय ईरान के सैन्य केंद्रों पर हमला करने के लिए तैयार हैं। लैपिड ने द यरुशलम पोस्ट अखबार से कहा, हमें तेल क्षेत्रों से शुरुआत करनी चाहिए। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है और वह इससे पहले के अंतिम हफ्तों में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं होने देना चाहता।

### चीन के राष्ट्रपति ने रॉकेट फोर्स का निरीक्षण किया

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सेना के सामरिक मिसाइल बल की एक ब्रिगेड का निरीक्षण किया है, जिसमें भ्रष्टाचार को लेकर हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर अधिकारियों की छंटनी की गई थी। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार जिनपिंग ने हेफेई में पीएलए के रॉकेट फोर्स का दौरा किया, जो परमाणु हथियारों सहित मिसाइलों का संचालन करने वाली सेना की एक प्रमुख इकाई है।

### बांग्लादेश में सर्वोच्च न्यायिक परिषद हुई बहाल

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने सर्वोच्च न्यायिक परिषद को न्यायिक कदाचार के आरोपों की जांच करने के अधिकार के साथ बहाल कर दिया। शीर्ष अदालत ने पिछले फैसले को भी बरकरार रखा, जिसमें 16वें संविधान संशोधन को अवैध घोषित किया गया था, जिसके तहत न्यायाधीशों को हटाने का अधिकार संसद को हस्तांतरित किया गया था। यह फैसला प्रधान न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट की अपीलीय प्रभाग की छह सदस्यीय पीठ द्वारा पारित किया गया है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।